Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 | website- www.dvpnews.in | रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 253 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 04 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

सम्यकत्व से रिक्त व्यक्ति चलता-फिरता शव है।

One is a walking dead body, without authenticity.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

राज्यसभा से रिटायर हुए मनमोहन सिंह, 33 साल तक रहे सांसद

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बुधवार को राज्यसभा से रिटायर हो गए। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे 91 वर्षीय मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी। मनमोहन सिंह के अलावा वर्तमान सरकार के दो वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यकाल भी बुधवार को राज्यसभा में समाप्त हो गया। राज्यसभा सांसद व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का राज्यसभा में कार्यकाल समाप्त हो गया। मनमोहन सिंह लगभग 33 वर्ष तक राज्यसभा के सांसद रहे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय व प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव-बिलासपुर दौरे पर

रायपुर (विसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल गुरुवार को राजनांदगांव और बिलासपुर जिले के दौरे पर जाएंगे। सीएम साय रायपुर से 12 बजे रवाना होंगे और राजनांदगांव में नामांकन रैली में शामिल होंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 3 बजे बिलासपुर जिले के लिए रवाना होंगे। यहां सीएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जिसके बाद शाम 5 बजे वापस रायपुर लौट आएंगे। मुहूर्त वाला नामांकन दाखिल कर चुके भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे चार अप्रैल को नामांकन रैली निकालने जा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के नामांकन में पहुँचे मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी अशोभनीय और शर्मनाक : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

चरणदास के बयान पर बिफरे विष्णुदेव साय, कहा- पहिला लाठी मोला मारव

महासमुंद/रायपुर (विश्व परिवार)। महासमुंद में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के नामांकन में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर दिये गए अमर्यादित बयान के लिए चुनौती देते हुए कहा चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूँ कि अगर उनमें हिम्मत है तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूँ, पहली लाठी मुझे मारे। कांग्रेसियों ने पहले भी मोदी जी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था। कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी।

महासमुंद में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से खुद को लाठी से मारने की चुनौती देते हुए कहा कि चरणदास महंत का देश के प्रधानमंत्री के ऊपर दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक है। इसकी हम कड़ी भर्त्सना करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मोदी जी के पहले कार्यकाल में मुझे उनके साथ पूरे 5 साल एक सांसद और राज्यमंत्री के रूप में काम करने का सुअवसर मिला। मोदी जी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। उन्होंने पहले 5 साल के कार्यकाल में गरीबों के हित के लिए काम किया। पूरे दस साल के शासन में मोदी जी ने देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबको समृद्ध बनाया। इसलिए आप सभी से मैं अशीर्वाद मांगने आया हूँ कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद लोकसभा से बहन रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें और प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें भाजपा की झोली में डालें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही हमने मोदी की गारंटी में जो प्रमुख वादा था उसको सांय-सांय पूरा किया और सभी काम को सांय-सांय कर रहे हैं, जिससे कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस में भगदड़ मची है, उनके लोग पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का बाय-बाय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कोयला, शराब, रेत, जमीन सबमें भ्रष्टाचार किया। दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर महादेव सट्टा एप को निरन्तर चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा, उन पर एफआईआर हुआ। कांग्रेस की सरकार ने 18 लाख गरीबों के आवास का पैसा खा दिया, गरीबों का मकान अधूरा का अधूरा रह गया। लेकिन हमने सरकार में आते ही वादे के अनुरूप 18 लाख पीएम आवास के लिए राशि जारी कर दी है।

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने नामांकन रैली में पधारे जन मानस को कहा कि मैं याचक बनकर आप सभी से याचना करती हूं कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कमल फूल पर बटन दबाकर विजयी बनाएं और नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने संकल्प लें। 14 वर्षों के वनवास के बाद जब रामजी अयोध्या वापस आए तो दीवाली मनाई गई थी। कलयुग में 22 जनवरी को जब अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ तब पूरे देश में दीवाली मनाई गई और हम इसके साक्षी बने ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है अयोध्या में जो भव्य रामलला का जो मंदिर का निर्माण हुआ है वो मोदी जी की ही देन हैं।

मोदी जी देश ही नहीं विदेशों में भी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं : किरण सिंहदेव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आजादी के बाद देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो देश के गांव, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की अत्याचारी, दुराचारी, गरीबों का पैसा खाने वाली सरकार थी। 36 वादे तो जनता से किए पर पूरा एक भी नहीं किया। हमारे बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी उपस्थित हैं जो बड़े ही सरल, सहज गरीबों के दुःख दर्द को समझने वाले और सौ फीसदी आदिवासी हैं। किरण सिंह देव ने आगे कहा कि मोदी जी कहते हैं पूरा देश उनका परिवार है मैं भी मोदी जी का परिवार हूं मोदी जी देश ही नहीं विदेशों में भी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।

परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

लखनऊ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से यूपी का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को नमो एप के जरिए यूपी के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जो हमारे यूपी के भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं, उसे राजनीति के बड़े-बड़े दिग्गज भांप भी नहीं पाते हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आपका ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। चुनाव अभियान के दौरान आप सिर्फ पार्टी का प्रचार ही नहीं करते, बल्कि पार्टी की संस्कृति और संस्कारों को भी लोगों तक ले जाते हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि भाजपा के विचारों के साथ-साथ अपनी विनम्रता से भी वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश करें। आप सभी (भाजपा कार्यकर्ता) वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं, तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं।

उन्होंने कहा कि आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं, तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं, तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गांरटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं। यूपी के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचे। गर्मी बहुत है, मैं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करूंगा की अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करना। जब ऐसी गर्मी में काम करते हैं, तो पानी जरूर पीना। जितना अपना स्वास्थ्य संभालेंगे, मेहनत करना उतना ही सुविधाजनक होगा। जहां भी जा रहे होंगे, जनता से विकास की बात करती होगी। लोगों में जब सरकार के कामकाज को लेकर विश्वास हो जाता है, तो चुनाव नेता नहीं, जनता खुद आगे बढ़कर लड़ती है। इस बार जनता ने हर जगह यही संदेश दिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु में चार दिन करेंगे चुनाव प्रचार

चेन्नई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए चार दिनों के लिए तमिलनाडु में रहेंगे। प्रधानमंत्री 9 से 10 अप्रैल और 13 से 14 अप्रैल तक राज्य में चुनाव प्रचार करेंगे। पीएम मोदी 9 अप्रैल को वेल्लोर और चेन्नई में होंगे और एनडीए उम्मीदवारों - वेल्लोर के ए.सी. षणमुघम और चेन्नई दक्षिण में तमिलसाई सौंदरराजन के लिए रोड शो करेंगे। 10 अप्रैल को, प्रधानमंत्री केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन के लिए नीलगिरी में एक मेगा रोड शो में भाग लेंगे। उसी दिन, प्रधानमंत्री भाजपा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के.अन्नामलाई के लिए प्रचार करने को कोयंबटूर में एक रैली को संबोधित करेंगे। दूसरे दौर के चुनाव प्रचार के तहत, पीएम मोदी 13 अप्रैल को पेरम्बल्लूर पहुंचेंगे। वह एनडीए उम्मीदवार टी.आर. परिवेन्धर के लिए पेरम्बल्लूर में एक रैली को संबोधित करेंगे।प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को विरुधुनगर लोकसभा सीट पर एक रैली में भाग लेंगे, जहां दक्षिण भारतीय फिल्मों की स्टार, राधिका सरथकुमार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। विरुधुनगर उन सीटों में से एक है जिन पर कोयंबटूर, कन्याकुमारी और तिरुनेलवेली के साथ भाजपा को जीत की उम्मीद है।

ताइवान में 25 साल का बेहद शक्तिशाली भूकम्प, मचाई भारी तबाही; जापान के दो द्वीपों में सुनामी

ताइपे। ताइवान में आज तड़के एक शक्तिशाली भूकंप आया है, जिससे पूरा द्वीप हिल गया और इमारतें ढह गईं। जापान ने दक्षिणी द्वीप समूह ओकिनावा के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। यहां उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। फिलीपींस ने भी सुनामी की चेतावनी दी है और तटीय इलाकों को खाली करने का आदेश दिया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप के बाद 3 मीटर (9.8 फीट) तक की सुनामी की भविष्यवाणी की है। लगभग आधे घंटे बाद, कहा कि सुनामी की पहली लहर पहले से ही मियाको और येयामा द्वीपों के तटों पर आ गई थी।

ताइवान की भूकंप निगरानी एजेंसी ने तीव्रता 7.2 बताई, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे 7.4 बताया। भूकंप का केंद्र हुआलिन शहर से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। हुआलिन में इमारतों की नींव हिल गई हैं। भूकंप के झटके राजधानी ताइपे में भी महसूस किए गए। भूकंप की वजह से ताइवान के हुआलिन में कई बिल्डिंग ध्वस्त हो गई हैं। काफी नुकसान पहुंचा है। स्पीड ट्रेन की सर्विस को रोक दिया गया है। अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन से लोगों को निकलते देखा जा सकता है। ताइवान में इसे 25 साल में सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया जा रहा है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक बुधवार को ताइवान के पूर्वी तटों पर 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप के कारण दक्षिणी जापान में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन के भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इसका केंद्र हुआलिन काउंटी हॉल से 25.0 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में प्रशांत महासागर में 15.5 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। पूर्वोत्तर में यिलान काउंटी और उत्तर में मियाओली काउंटी में तीव्रता का स्तर 5+ दर्ज किया गया, जबकि उत्तर में ताइपे शहर, न्यू ताइपे शहर, ताओयुआन शहर और सिंचू काउंटी, ताइचुंग शहर, चांगहुआ काउंटी और में 5+ की तीव्रता का स्तर दर्ज किया गया।

बीजापुर मुठभेड़ में अब तक 13 नक्सलियों के शव बरामद

बीजापुर (विसं)। बीजापुर में हुई मुठभेड़ में अब तक 13 नक्सलियों के शव बरामद होने की खबर है। मंगलवार देर रात तक 10 ही शव मिलने की सूचना थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक करीब 18 घंटे चले एनकाउंटर में कुल 13 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें एक महिला नक्सली भी है।

इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर पापाराव के मारे जाने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुई मुठभेड़ रात करीब 11 बजे खत्म हुई। जवानों ने नक्सलियों के पास से्च-47, स्ल्न जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। टेकलगुड़ेम मुठभेड़ की आज तीसरी बरसी है। 3 अप्रैल 2021 में इस मुठभेड़ में 22 जवानों को नक्सलियों ने मारा था। वहीं, 3 साल बाद उसी इलाके में पुलिस ने एक साथ 13 माओवादियों को ढेर किया है।

राहुल गांधी ने वायनाड से दाखिल किया अपना नामांकन

नामांकन दाखिल करने से पहले राहुल गांधी का रोड शो, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर वायनाड लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने बुधवार को वायनाड से दूसरी बार नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेता मजूद थे। पर्चा भरने से पहले राहुल गांधी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो भी किया, जहां उन्होंने 2019 के आम चुनावों में 4 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में कुल 10,92,197 मतों में से 7,06,367 मत हासिल किये थे। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पीपी सुनीर को केवल 2,74,597 वोट मिले थे। केरल में इस साल लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा।

नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वायनाड पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए संयुक्त लोकतंत्रिक मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं समेत हजारों लोग कलपेट्टा में एकत्र हुए। राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ बुधवार सुबह करीब पौने 11 बजे हेलिकॉप्टर से कन्नूर पहुंचे। यहां के एक गांव मुप्पैनाद में हेलीपेड पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहां से वह अपने रोड शो के शुरुआती बिंदु कलपेट्टा के नए बस अड्डे तक सड़क मार्ग से गए। यूडीएफ के सैकड़ों कार्यकर्ता रोड शो के लिए कतार में खड़े थे और विभिन्न आयु वर्गों के लोग कांग्रेस सांसद की तस्वीर के साथ पार्टी के झंडे, तख्तियां और पार्टी के रंग वाले गुब्बारे लेकर राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए सड़क के किनारे एकत्र हुए।

प्रियंका और केरल में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ राहुल खुले ट्रक के ऊपर खड़े हुए और रोड शो सिविल स्टेशन इलाके की ओर बढ़ा। अपने वाहन पर खड़े राहुल गांधी ने सड़क के दोनों ओर एकत्र होकर जय-जय राहुल गांधी के नारे लगा रहे हजारों लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिनंदन किया। सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक वाहन के आगे, उसके साथ और पीछे चल रहे थे। इस दौरान राहुल के साथ प्रियंका के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं दीपा दास, एआईसीसी की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रभारी कन्हैया कुमार, राज्य विधानसभा में विपक्ष के वीडी सतीशन एवं केपसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष एमएम हसन भी शामिल थे।

लोकसभा चुनाव : कांग्रेस के 5 'न्याय' और 25 गारंटी, ऐसा होगा घोषणा पत्र का प्रारूप

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस की तरफ से घोषणा पत्र का प्रारूप जारी कर दिया गया है, जिसमें कांग्रेस ने जनमानस को लुभाने के लिए 5 न्याय और 25 गारंटी देने की घोषणा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के इस न्याय और गारंटी के बारे में जानकारी शेयर की है।

जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड्स वितरित करेंगे, जो 14 अलग-अलग भाषाओं में प्रिंट किए गए हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि प्रत्येक गारंटी कार्ड में ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी द्वारा घोषित पार्टी की 5 न्याय और 25 गारंटी का विवरण है।

युवा न्याय : पहली नौकरी पक्की हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार। भर्ती भरोसा 30 लाख सरकारी नौकरियां, सभी खाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरेंगे। पेपर लीक से मुक्ति पेपर-लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां। गिग-वर्कर सुरक्षा गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा। युवा रोशनी युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड।

नारी न्याय : महालक्ष्मी हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए। आधी आबादी, पूरा हक केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50त्न महिला आरक्षण। शक्ति का सम्मान आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी, दोगुनी सरकारी योगदान से। अधिकार मैत्री महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में। सावित्री बाई फुले हॉस्टल कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुना हॉस्टल।

किसान न्याय : सही दाम एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन फॉर्मूले वाली। कर्ज मुक्ति कर्ज माफी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग। बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर। उचित आयात-निर्यात नीति किसानों के सलाह से नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी। जीएसटी-मुक्त खेती- किसानी के लिए ज़रूरी हर चीज़ से जीएसटी हटेगा

श्रमिक न्याय : श्रम का सम्मान- 400 रुपए कम से कम दैनिक मज़दूरी, मनरेगा में भी। सबको स्वास्थ्य अधिकार- 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर = मुफ़्त इलाज़, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी। शहरी रोजगार गारंटी- शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना। सुरक्षित रोजगार- मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद।

हिस्सेदारी न्याय : गिनती करो- सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती। आरक्षण का हक- संवैधानिक संशोधन द्वारा 50त्न सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक। एससी/एसटी सब प्लान की कानूनी गारंटी- जितनी एससी/एसटी जनसंख्या, उतना बजट, यानी ज़्यादा हिस्सेदारी। जल-जंगल-जमीन का कानूनी हक- वन-अधिकार क़ानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला। अपनी धरती, अपना राज- जहां एसटी सबसे ज्यादा, वहां पैसा लागू।

बता दें कि इससे पहले सोमवार को कांग्रेस नेता केसी. वेणुगोपाल ने जानकारी दी थी कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी अपना घोषणापत्र 5 अप्रैल को जारी करेगी, जिसमें घोषणापत्र को लेकर देशभर के लोगों से सलाह भी ली जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रेक्षक नियुक्त

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के अधिकारी डॉ. एम.टी. रेजु को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक और भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 2014 बैच के अधिकारी श्री संदीप मोंडल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के श्री शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक तथा भारतीय प्रतिरक्षा लेखा सेवा (ड्ढ्ठस्) के श्री प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी डॉ. समित शर्मा को सामान्य प्रेक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत महासमुंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री मनीष कुमार डबास को तथा धमतरी और गरियाबंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2016 बैच के अधिकारी श्री राम प्रभु उदय आर. को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, गुरुवार 04 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

हमर राज पॉर्टी से इंजीनियर विनोद नागवंशी ने कॉंकेर लोकसभा से किया नामांकन दाखिल

रायपुर (विश्व परिवार)। कांकेर लोकसभा से प्रत्याशी इंजीनियर विनोदनागवंशी जो हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भी है। विनोद नागवंशी जो समाज सेवा से रूप में विगत् कई वर्षो से जुड़े हुए समय –समय सामाजिक आंदोलन, सामाजिक लड़ाई में अपनी भूमिका निभाते रहे है। आज नामांकन दाखिल किया पूरे कांकेर शहर में गाजे बाजे और हजारों जनसंख्या के जन सैलाब के साथ हमर राज पार्टी ने एक तीसरा मोर्चा छत्तीसगढ़ में उभर कर आ गया है आप राष्ट्रीय पार्टियों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा क्षेत्रीय पार्टी हमर राज पार्टी जिसका सामाजिक संगठन साथ दे रहे हैं सर्व आदिवासी समाज बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं आज नामांकन में अरविंद नेताम जी अकबर राम कोर्राम राष्ट्रीय अध्यक्ष हमर राज पार्टी चुनाव प्रभारी जिवराखन मर ?ई हमर राज पार्टी महेश रावटे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हमर राज पार्टी एवं सभी कांकेर लोकसभा के अंतर्गत जिला में आते हैं उनका जिला अध्यक्ष उपस्थित हुए और जन सैलाब के साथ नामांकन दाखिल किया गया जिससे अन्य पार्टी भी सकते में आ गई। कांकेर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं 4 जून को मतगणना होगी। इस दिन नया सांसद कौन बनेगा, यह तय हो जाएगा।

कस्टम मिलिंग में लगे वाहनों को शहर के सभी मार्गों में 24 घंटे परिवहन की मिली छूट

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को दृष्टिगत रखते हुए कस्टम मिलिंग के धान, चावल एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सामग्री परिवहन में लगे वाहनों को आवागमन में आगामी वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक शहर के सभी मार्गों में 24 घण्टे परिवहन करने की छूट प्रदान की गई है। ज्ञातव्य है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 अंतर्गत सीएमआर चावल उपार्जन कार्य, धान संग्रहण केन्द्रों से मिलर्स द्वारा धान का उठाव, खरीदी केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों तक धान का आंतरिक परिवहन एवं मिलर्स द्वारा धान संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव कर कस्टम मिलिंग योजनांतर्गत जिले के प्रदाय एवं उपार्जन केन्द्रों में चावल का परिवहन किया जा रहा है।

स्वीप के तहत विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, पहली बार वोटर भी हुए सम्मानित

जलेबी दौड़ एवं रस्सा-कस्सी के माध्यम से छात्रों ने शत् प्रतिशत मतदान के दिए संदेश

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कसडोल के द्वारा नगर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जलेबी दौड़, रस्सा-कस्सी एवं रंगोली के माध्यम से जिले में शत् प्रतिशत मतदान हेतु आमजनों को संदेश दिए। साथ ही इस अवसर पर विशेष पिछड़ी जनजाति महिला वोटर एवं फर्स्ट टाइम युवा वोटरों का सम्मान भी किया गया। महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के.एल. चौहान कार्यक्रम शामिल हुए।

उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में वोट के महत्व को रेखांकित किया साथ ही बेहतर अयोजन के लिए जनपद पंचायत की पूरी टीम को बधाई दिया। उन्होने कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। आप सभी अपने घरो प्रत्येक सदस्यों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्टर ने सभी स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, अधिकारी कर्मचारी को शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा, स्थानीय मीडिया कर्मी सहित बड़ी संख्या में पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

रायपुर पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी नवीन कुमार ठाकुर ने ली बैठक

मतदान केंद्रों और मतदान संबंधी दी गई जानकारी

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी नवीन कुमार ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर की संयुक्त बैठक ली। श्री ठाकुर ने बैठक में दिव्यांग मतदाता और 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन के संबंधी में जानकारी दी गई। सरकारी कर्मचारी को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और मतदान केंद्र का पुन: निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर श्री राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव : दूसरे दिन कसडोल पहुंचे कलेक्टर, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

मतदाता रजिस्टर एवं निर्वाचक नामावली के संबंध में दी गई विस्तारपूर्वक जानकारी

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन के सुचारू, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण कल से प्रारंभ हो गया है। इस तारतम्य में आज दूसरे दिन कलेक्टर के एल चौहान विकासखंड कसडोल अंतर्गत डीएवी स्कूल छाछी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को मतदान प्रक्रिया को गंभीरता से लेने प्रोत्साहित किया। उन्होंने ने मतदान दलों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट हेतु अनिवार्य रूप से प्रपत्र भरने के लिए भी कहा। श्री चौहान ने मशीन की क्रिया कलापों एवं किन प्रक्रियाओं में गलती होने की संभावनाएं रहती है उन चरणो को विशेष रूप से अधिकारियों कर्मचारियों को अवगत कराते हुए उनके शंकाओ को दूर किया।

प्रशिक्षण में उपस्थित मास्टर ट्रेनर ने मतदान दलों को मॉक पोल की प्रक्रियाएं, मतदान दिवस के दिन सभी मतदाताओं को इपिक कार्ड के अतिरिक्त अन्य 12 महत्वपूर्ण दस्तावेज में से किसी एक दस्तावेज को लेकर मतदान केन्द्र में मतदान हेतु आने के संबंध में जानकारी दिए। साथ ही मतदाता रजिस्टर एवं निर्वाचन नामावली की चिन्हित प्रति व मतपत्र लेखा 17 सी को ध्यानपूर्वक भरने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण प्रशिक्षण में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को सामूहिक रूप से मतदान हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। बता दें कि कसडोल में दूसरे दिन के प्रशिक्षण में 597 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। कल पहले दिन लगभग 600 कर्मचारी प्रशिक्षित हुए थे। साथ ही कल तीसरे दिन लगभग 350 लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्रीं दिव्या अग्रवाल, कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, गिरौदपुरी एसडीएम श्री ध्रुव, तहसीलदार विवेक पटेल, नीलमणि दुबे, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विद्युत कार्य हेतु ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सं.: सीनि.डीईई-जी-आर-ओटीपी-23-24-34, दिनांक: 20.03.2024.
कार्य: इलेक्ट्रिकल(जी) काम का हिस्सा– (1) रायपुर, आरएसडी, बीएमवाई, दुर्ग में रनिंग रूम का विस्तार, (2) Sr.DEN-I/R के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक मेंटेनर्स के लिए गैंग्स टूल कम रेस्ट रूम (15 स्थान) का निर्माण, (3) Sr.DEN-II/R के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक मेंटेनर्स के लिए गैंग्स टूल कम रेस्ट रूम (12 स्थान) का निर्माण, (4) बीएमवाई में इलेक्ट्रिकल (OP) प्रशिक्षण स्कूल और छात्रावास के रूप में उपयोग किए जाने वाले पुराने प्रशिक्षण स्कूल का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य: ₹ 44,06,591.00. बयाना जमा राशि: ₹ 88,100.00.**
निविदा जमा करने की तिथि: 26.04.2024 को 11.30 बजे तक।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु कृपया **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर** के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे डाउनलोड कर/देख सकते है। इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। यदि मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त हुआ तो उसे खारिज कर दिया जाएगा।
वरि.मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य)/
पीआर/आर/सीनि.डीईई(सा.)/आईपी/01 **रायपुर**
South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./10440/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10440
वार्ड का नाम- 44 - ब्राम्हणपारा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759E00210** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMKRISHNA TAMARKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ROMNATH TAMARKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मंथन ताम्रकार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ललित कुमार ताम्रकार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./10549/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10549
वार्ड का नाम- 44 - ब्राम्हणपारा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759C00157** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOHAN LAL MADHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHOITHRAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **निर्मला सोनकर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **घनश्याम सोनकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./10547/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10547
वार्ड का नाम- 44 - ब्राम्हणपारा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR759C00426** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MR. VIJENDRA NATH PATHAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRAKANT PATHAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शीलकांत पाठक** पिता/पति, श्री/श्रीमती **416, मिलेनियम चौक, सुंदर नगर रायपुर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रशीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com
पत्र क्र./10545/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10545
वार्ड का नाम- 44 - ब्राम्हणपारा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR758C00200** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAM NIHAL PURANIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BULCHU PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **संदीप पुराणिक** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. रामनिहाल पुराणिक** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रशीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com
आम-सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **बोरियाकला,** जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-436 ब्लॉक-28, भू-तल श्री सतीश कुमार ध्रुवंशी पिता श्री आर.एस. ध्रुवंशी,** निवासी- स्ट्रीट नं.-07, पार्वती नगर सतीश किराना स्टोर्स, शंकर नगर रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.), को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक **9789** दिनांक **17.09.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **21.01.2010** को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आबंटी हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को **क्रेता श्रीमती निबेदिता क्षत्रिया पति श्री रूबेन क्षत्रिया** पता- म.नं.-226, दुर्गा चौक, लालपुर रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **26.12.2023** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्रीमती निबेदिता क्षत्रिया पति श्री रूबेन क्षत्रिया,** द्वारा उक्त फ्लैट को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर **नाम दर्ज** किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट का **फ्री-होल्ड उपरांत नाम दर्ज** किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

Format C-7
(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: हमर राज पार्टी
*Name of the Election: लोक सभा निर्वाचन 2024
Name of State/UT: छत्तीसगढ़

(1) Name of the Constituency... कांकेर लोक सभा क्रमांक- 11
Name of the candidate .... विनोद कुमार नागवंशी

Sl.no.		
1.	Criminal antecedents	
a.	Nature of the offences	Criminal
b.	Case no.	9147/2023
C.	Name of the Court	JMCFC BHARTI kuldip Raipur
d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	
e.	Date of conviction, if any	No
f.	Details of punishment undergone, if any	No
g.	Any other information required to be given	pr0cess
2.	The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability"at the polls (not more than 100 words)	अधिकार और मांगों को लेकर सदैव संघर्षशील रहते, उच्च शिक्षा का हक और अधिकार की आवाज़ उठाते हैं। B.E. M.A.
3.	Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	जनता की मांग और संवैधानिक अधिकारों के लिये प्रत्याशी ज्यादा मजबूत और नेतृत्वकर्ता है।

(2) Name of the Constituency-.... कांकेर लोक सभा क्रमांक- 11
Name of the candidate-... विनोद कुमार नागवंशी
.... and so on

- In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Cound by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

Signature of office bearer of the Political Party
Name and designation Mahesh Kumar rawte

19 पद - राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
हमर राज पार्टी

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 7, दिनांक 03.04.2024
वार्ड का नाम- सुभाष चन्द्र बोस वार्ड
वार्ड क्र. 35 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **35** मांग **पंजी क्र. 301 युआईडी 29200** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **खेदूराम साहू / झग्गर साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रमन कुमार साहू / बलदाऊ साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-03-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./5324/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 30-03-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 5324
वार्ड का नाम-18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00527** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TARACHAND CHAVAHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TABANJI CHAVAHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. JAGJEET SINGH CHAWLA 2. BALJEET SINGH CHAWLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHENDRA SINGH CHAWLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./9099/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 01-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 9099
वार्ड का नाम-18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00070** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GUMFA BAUI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SAMPAT RAO RAMTEKE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHAVNA MESHRAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK MESHRAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10528/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10528
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G01008** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHD ARIF** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MARHUM MOHD NIYAMAT** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEELOFAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD SHAVEZ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10530/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10530
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00274** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MS A.D.C. CONS, ABHISHEK YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BABU MANOHAR AND OTHER** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. JAKIR KHAN, 2. NILOFAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O 1. SHAHID KHAN, W/O 2. JAKIR KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10550/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10550
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652E00055** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHAFIYA AHMAD USMANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TAUKIR AHMAD USMANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HITESH MITTAL (H.U.F.)** पिता/पति श्री/श्रीमती **KARTA - HITESH MITTAL S/O SURESH MITTAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10531/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10531
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652B0583B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KAVITA SISODIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHARMENDRA SINGH SISODIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAMTA QURESHI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O NAZIL QURESHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./10516/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 03-04-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10516
वार्ड का नाम- 62 - शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR654C00383** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **REHANA NASHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAFIQUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHAHZADUDDIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAFIQUDDIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MRITYU PRAMAN PATR & B1**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

महंत परिवार जांजगीर, कोरबा व छग का सदैव रहेगा ऋणी : चरणदास महंत

बाबूजी की 100वीं जयंती पर जुटे प्रदेश भर के दिग्गज

कोरबा(विश्व परिवार)। स्व. बिसाहूदास महंत न सिर्फबांगो बांध बल्कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के भी स्वप्नदृष्टा थे। वे सही मायने में गांधीवादी, मानवता के पुजारी थे। उन्होंने राजनीति में गुरू, बड़े भाई और मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। आज उनके पद्चिन्हों पर चलकर हम सभी छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं। उक्ताशय के उद्गार अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री जन नेता स्व. बिसाहूदास महंत की 100वीं जयंती शताब्दी समारोह के अवसर पर राजीव गांधी आडिटोरियम टीपी नगर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों ने व्यक्त किए। पुत्र डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि महंत परिवार जांजगीर, कोरबा व छत्तीसगढ़ का सदैव ऋणी रहेगा। कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि बाबूजी के पद्चिन्हों पर चलना मेरा धर्म है। महंत परिवार 1952 से लगातार जनता की सेवा में लगा हुआ है। मानव सेवा करना मैंने इसी परिवार से सीखा और आगे भी सेवा करती रहूंगी। मैं इस परिवार की छोटी सी कड़ी हूं परंतु बाबूजी के सपनों को पूरा करने पति डॉ. चरणदास महंत के सहयोग से निरंतर प्रयासरत रहूंगी। इससे पहले स्वागत उद्बोधन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने देते हुए कहा कि कोरबा ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में बिसाहूदास महंत को चाहने वाले लोग हैं। उनके पुत्र डॉ. चरणदास महंत भी उनके रास्ते पर चलकर 1980 से लगातार 44 वर्षों से सेवा में लगे हुए हैं और ऐसे परिवार को आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए। कटघोरा के पूर्व विधायक बोधराम कंवर ने कहा कि वे सही मायने में गांधीवादी और मानवता के पुजारी थे। उन्होंने हमेशा मुझे मेरे बड़े भाई गणेशराम की तरह ही स्नेह दिया। वे सबकी चिंता करते थे। उनके बताए रास्तों पर हम सब चलते रहेंगे। स्व. महंत के सहयोगी रहे रघुराज पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 1967 से जीवन पर्यंत स्व. बिसाहूदास महंत के साथ रहा। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बिसाहूदास महंत ने दिए। जांजगीर लोकसभा से सांसद प्रत्याशी डॉ. शिव डहरिया ने कहा कि स्व. महंत ने छत्तीसगढ़ के धान का कटोरा को आगे बढ़ाने व किसानों को समृद्ध करने के लिए सदैव कार्य किया। उनके समकक्ष ममतामयी मिनीमाता थी। गुरूघासीदास, संत कबीर के कार्यों को बिसाहूदास ने आगे बढ़ाया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में छत्तीसगढ़ के मसलों पर बिसाहूदास महंत अगुवा की भूमिका निभाते रहे। वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी ने बिसाहूदास को ध्रुव तारा की संज्ञा देते हुए कहा कि वे रास्ता दिखाने का काम सदैव करते रहे। धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत राठिया ने कहा कि पिताजी के द्वारा बिसाहूदास महंत के बारे में कहानी की तरह बताया जाता था कि उनसे राजनीति में संबंध बनाकर चलने की शिक्षा हर किसी को लेनी चाहिए। अविभाजित मध्यप्रदेश के राज्य वस्त्र निगम के चेयरमैन रहे जगदीश मेहर ने कहा कि बिसाहूदास महंत हम सबके शुभचिंतक थे। उन्होंने बुनकरों के बीच रह कर बुनकरों की गरीबी और उनकी पीड़ा को बहुत करीब से देखा।

दीपका क्षेत्रातंर्गत सुने मकान में चोरी करने वाले चोर चढे पुलिस के हत्थे

चोरी का फ्रिज, एलईडी टीवी वासिंग मशीन जप्त

कोरबा(विश्व परिवार)। प्रगतिनगर दीपका में एक सूने मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने घरेलू सामान की चोरी कर ली थी। मामले में पुलिस ने एक आरोपित व दो खरीदार को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। घटना में शामिल एक आरोपित फरार है। आरोपित के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने दो माह चोरी का मामला दर्ज किया। दीपका थाना में प्रगतिनगर निवासी पंकज कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 26 से 29 जनवरी तक छुट्टी लेकर अपने पैतृक गांव गए हुए थे। इस दौरान मकान में ताला लगा दिया था। इस बीच सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर घर में रखे फ्रिज, वासिंग मशीन समेत अन्य घरेलू सामान की चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसी तरह एक प्रगतिनगर दीपका के ही निवासी जितेंद्र कुमार दुबे भी 13 से 25 जनवरी तक छुट्टी में गए थे, इस दौरान उनके मकान के पीछे दरवाजा को तोड कर अज्ञात चोर घर अंदर से वासिग मशीन, माईक्रो ओवन व घरेलू समान चोरी कर लिया था।

काम करने के दौरान करंट से झुलसा एक किशोर, स्थिति नाजुक

कोरबा(विश्व परिवार)। सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए घटनाक्रम में एक किशोर बुरी तरह से झुलस गया। वह हाईटेंशन करंट की चपेट में आया था। प्राथमिक चिकित्सा के बाद छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर रेफर किया गया है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह वार्ड क्रमांक 16 के अंतर्गत यह घटना हुई। 17 वर्षीय हेमंत यादव साडा कालोनी का निवासी है, जो इस घटना में झुलसा है। आरामशीन काजू गार्डन एसएलआरएम सेंटर के पास से 11केवी की लाईन गुजरी हुई है। बताया गया कि दूसरे का निर्माण कार्य यहां चल रहा है। हेमंत यादव का मकान भी यहां पर मौजूद है। वह अपने घर की दीवार पर चढकर काम कर रहा था तभी वह उच्चदाब लाइन की चपेट में आ गया। इस घटना में वह बुरी तरह से झुलस गया। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोग सक्ते में आ गए। आनन-फानन में पीड़ित को कोरबा के मेडिकल कॉलेज हास्पिटल ले जाया गया। बर्न यूनिट में चिकित्सकों ने उसे जरूरी उपचार दिया। उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए फौरी तौर पर बिलासपुर सिम्स भेज दिया गया। सक्ते में हैं मजदूर काजू कार्डन आरामशीन इलाके में हुई घटना के कारण वे मजदूर सक्ते में हैं जो निर्माण कार्य में नियोजित किये गए हैं। निर्माण कराने वाले के द्वारा इस बात को ध्यान में नहीं रखा गया है कि काफी नजदीक से 11केवी लाइन गई हुई है। इस पर से होकर प्रवाहित होने वाला करंट अपने सुचालक गुण के कारण लोगों को खींच सकता है।

हाथियों के दल ने धान की फसल को रौंदकर पहुंचे सरहद

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र के दो गावों गीतकुंवारी व श्याग में मौजूद तीन हाथी बीती रात यहां पांच ग्रामीणों के फसल को रौंदने के बाद कुदमुरा व धरमजयगढ़ रेंज की सरहद पर पहुंच गए है। हाथियों के अन्यत्र जाने से क्षेत्र के निवासियों ने राहत की सांस ली है। लेकिन इसके फिर आने की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए वन विभाग का अमला सर्तकता बरत रहा है। और हाथियों की निगरानी में लगातार लगा हुआ है। ज्ञात रहें एक दिन पहले धरमजयगढ़ क्षेत्र से इन हाथियो की यहां दस्तक हुई थी। हाथियो ने दो तक गीत कुंवारी व श्यांग में उत्पात मचाने के बाद बीती रात वापस लौट गया । हाथियों के अचानक आने और उत्पात मचाने से ग्रामीण दो दिनों तक दहशत में रहे । उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में 31 हाथी लगातार विचरण कर रहे है। हाथियों ने यहां के जाटामाटी व कापा नवापारा को अपना बसेरा बना लिया है। हाथियो का यह दल पिछले कई दिनों से क्षेत्र में मौजूद है। हाथी अधिकांश समय पहाड़ पर स्थित जंगल में विश्राम करते है। और शाम होने पर नीचे उतरते है। यहां पानी पीने के बाद फिर वापस पहाड़ पर चढ़ जाते है। क्षेत्र का वातावरण हाथियों को भा गया है।

दादी जानकी की चौथी पुण्यतिथि वैश्विक अध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया, मंत्री लखनलाल देवांगन रहे मुख्य अतिथि

कोरबा(विश्व परिवार)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय के स्थानीय सेवाकेंद्र के विश्व सदभावना भवन मे सस्था कि पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी की चैथी पूण्य तिथि वैश्विक अध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस सभागार में अनेक दिग्गज हस्तियो ने अलग अलग समय पर संस्था में पहुंच कर दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने उद्बोधन द्वारा श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लखनलाल देवांगन वाणिज्य-श्रम एंव उघोग मंत्री, छ.ग शासन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। सरोज पाण्डेय लोकसभा प्रत्याशी, डॉ. राजीव सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा कोरबा, हितानंद अग्रवाल पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, नरेन्द्र देवागंन भाजयुमो जिला महामंत्री, डॉ. हेमन्त सचदेवा कार्यकारी निदेशक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल कोरबा, अशोक मोदी सत्तदेव मंदिर ट्रस्टी, अशोक कुमार शुक्ला ट्रस्टी गायत्री मंदिर, सरिता मिश्रा समाज सेवी तथा सेवाकेंद्र प्रभारी बी. के. रूक्मणी उपस्थित थी। इस मौके पर लखनलाल देवांगन ने दादी जी को याद करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर दादी जी ने समाज को सही दशा दिशा प्रदान किया उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कहीं।डॉ. हेमन्त सचदेवा कार्यकारी निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल ने संस्था के बारे में बताया कि सन 1936 से प्रारंभ हुई संस्था आज 144 देशो और भारत में 8000 सेवाकेंद्रो के माध्यम से आध्यात्मिक व सामाजिक कल्याण का कार्य कर रहा है।

प्रशिक्षण में जितने अच्छे से सीखेंगे, चुनाव कराना उतना ही होगा आसान - कलेक्टर

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को कोरबा जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कोरबा एवं कटघोरा विधानसभा में आयोजित प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और मतदान दलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य को बहुत सरल और बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मास्टर ट्रेनर जितने अच्छे से प्रशिक्षण देंगे और मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा। उन्होंने कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिलाओं को चुनाव कार्य से न घबराने की बात कहते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने प्रेरित किया। कलेक्टर श्री वसंत ने आज से प्रारंभ हुए मतदान दलों के प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य की गंभीरता और जिम्मेदारी से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। कलेक्टर ने महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी महिलाएं सम्हाल रहीं हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपकी भागीदारी होगी। उन्होंने महिला पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक, दो और तीन के जिम्मेदारियों की जानकारी देते कहा कि सम्पूर्ण रूप से प्रशिक्षित करके ही आपको मतदान कार्य हेतु भेजा जाएगा। इस दौरान किसी भी समस्या व शंका को दूर करने प्रशासन की टीम आपके साथ रहेगी। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी। उन्होंने मॉकपोल, सीआरसी की जानकारी देते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन शत-प्रतिशत सुरक्षित व सही है। इसकी विश्वसनीयता पर किसी प्रकार का शंका नहीं किया जा सकता। इसलिए बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान संपन्न कराएं। जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई और सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री श्रीकांत वर्मा ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को निर्वाचन कार्य आसानी से संपन्न कराने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

संक्षिप्त समाचार

ओव्हरस्पीड वाहन चलाने वाले 41 लोगों पर हुई कार्रवाई

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले के पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिस पर जिले के सभी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। बता दें कि कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 2 दिन में 41 प्रकरणों में लगभग कुल 47000 रुपए वसूले के साथ-साथ उनका लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस साल आज दिनांक तक कुल 99 लोगों पर ओवर स्पीड वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई है जिसमें 123000 रुपए का समन शुल्क जमा कराया गया है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी किया जा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी ओवर स्पीड से वाहन चलाने वालों पर पूर्णत: लगाम लगाने के लिए आगे भी कार्यवाही की जावेगी।

झगरहा बस्ती में 7.50 लाख की पांच भैंस की चोरी

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले के झगरहा बस्ती में निवासरत एक किसान की पांच भैंस की चोरी कर अज्ञात चोर ने कर ली। भैंस की कीमत 7.50 लाख बताई जा रही है। मामले की रिपोर्ट सिविल लाइन पुलिस थाना में दर्ज कराई है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी लिखित में जानकारी दी गई है। मवेशी मालिक शिवकली यादव ने बताया कि दो दिनों पहले रोज की तरह सुबह उसकी 20 भैंस चारा खाने के लिए घर से निकली थी। शाम को 15 भैंस घर वापस आ गई, पर पांच भैस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चल सका। पशुपालन का काम कर रही शिवकली ने इस मामले में किसी पर संदेह नहीं जताया है लेकिन उसका कहना है कि इस काम में चोर गिरोह की भूमिका हो सकती है। शिवकली को शक है कि कहीं ना कहीं भैंस मवेशी तस्करों के हाथ लग गई है और तस्कर जिले से कहीं बाहर ले गए हैं। उसका कहना है कि पुलिस इस ओर ध्यान देते हुए मवेशी को जल्दी ढूंढें।

दो हजार से अधिक लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

बिलासपुर(विश्व परिवार)। शहर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में 2 हजार से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता लिया है। मौके पर डिप्टी सीएम अरुण साव सहित दिग्गज भाजपा नेता मौजूद थे। बिलासपुर विधानसभा से साढ़े तीन सौ लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई है। ये सभी लोग कांग्रेस, जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता है जो बीजेपी में हुए शामिल हुए है। डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री दयालदास बघेल, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह ने क्क्ष्छ्वक्क का गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई है। वहीं मीडिया से बात करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा की कांग्रेस की जहाज डूब गई है। कांग्रेस नेतृत्व विहीन है। वह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जीरो में आउट होगी। क्योंकि इस बार छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा को अपना पूर्ण आशीर्वाद देने जा रही है।

कार से 50 लाख नगद बरामद

रायगढ़(विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने मंगलवार को एक कार से 50 लाख रूपये नगद बरामद किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ लागू आदर्श आचार संहिता के चलते वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस कड़ी में लोकसभा निर्वाचन के उड़नदस्ता टीम 5 को एकताल रोड पर बंजारी मंदिर के पास चेकिंग के दौरान ईनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक जेएच 05 डीसी 5705 में चेकिंग के दौरान कपड़े के एक थैले में 500-500 रुपए के नोट के 100 बंडल कुल 50 लाख रुपए मिले। वाहन सवार दो लोगों से रकम के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जिसके बाद पुलिस की टीम ने नगदी रकम जब्त कर मामला इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सौंप दिया है।

संपादकीय

सरकार रूपी रोटी को उलटते-पलटते रहें

स्टंट का रील बनान वालों के लिए कानून का भय जरूरी

सोशल मीडिया पर स्टंट का रील बनाकर अपलोड करने के लिए 36 हजार रुपये का चालान काटा गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाईओवर पर यह स्टंट किया गया। आरोपी कार चालक प्रदीप ढाका छज्जूराम कॉलोनी (नांगलोई) का रहने वाला है। वायरल वीडियो में हरियाणा नंबर की सुनहरी कार सड़क पर तेज रफ्तार में सर्पाकार दौड़ रही है जिसका साथी कार से बहार आकर सेल्फी लेता है। इस दरम्यान पीछे कारों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को यह वीडियो टैग किया। कार से प्लास्टिकनुमा कुछ नकली हथियार भी बरामद किए। इससे पहले होली वाले दिन दो लड़कियों का वीडियो वायरल हुआ था जो स्कूटी पर बैठ कर एक-दूसरे को रंग लगा रही थीं। उनका नोएडा पुलिस ने कई अन्य अपराधों समेत 33 हजार रुपये का चालान किया। लड़कियों का कहना था कि इंस्टाग्राम हैंडल के लिए रोचक सामग्री बना रही थीं। एक अन्य वायरल वीडियो में बिना हैलेमट के स्कूटी पर सवार युवक के पीछे टायटैनिक का पोज बना रही लड़की गिरी थी। यह हुड़दंग केवल होली पर ही नहीं होता, बल्कि रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर अपनी फॉलोइंग बढ़ाने के लोभ में फूहड़, अश्लील और उद्दंडतापूर्ण हरकतें करने वालों की हरकतें बढ़ती ही जा रही हैं। देश में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या है, जिनके हाथ में मोबाइल है। वे बेरोजगार हैं या रोजगार न मिलने पर हताश। उनमें भरपूर ऊर्जा है जिसका इस्तेमाल करने का उचित मार्ग उन्हें नहीं सूझता। दूसरे, लगातार ऐसे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बारे में बढ़-चढ़ कर प्रचारित किया जाता है कि वे अपने चैनेल्स या पोस्ट के बूते लाखों रुपये कमा रहे हैं। कमाई के इस रास्ते को आसान मान कर वे अपने मोबाइल लेकर सड़कों पर निकल पड़ते हैं। हजारों में कोई एक होता है, जिसे इसमें सफलता मिलती है। नियम तोड़ने, कानून हाथ में लेने और जान जोखिम में डालने के नतीजों की फिक्र किए बगैर जुनूनी तौर पर यह सब देखा-देखी करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। चालान राशि चुकाने तक में अक्षम इस तरह के लोगों के साथ ज्यादा सख्ती की जानी इसीलिए भी जरूरी है इन हरकतों को गंभीरता से लिया जा सके और कानून-व्यवस्था का डर बना रहे।

रघु ठाकुर

2024 के लोकसभा चुनाव देश के लिये विशेष महत्व और चिंता के चुनाव है। जहां एक तरफ देश का एक बौद्धिक हिस्सा चुनाव के बाद की संभावनाओं को लेकर आशंका व्यक्त कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर देश के ग्रामीण और आम आदमी प्रधानमंत्री के प्रति उत्साह से सराबोर है। विशेषतरू राम मंदिर के निर्माण, फिर प्राण प्रतिष्ठा, फिर अबूधावी में स्वामी नारायण मंदिर का शिलान्यास और अब बनारस की ज्ञानव्यापी और मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर को लेकर एक जुनूनी वातावरण जैसा है। देश के बौद्धिक जगत के एक बड़े हिस्से में जो आशंकायें हैं वह हो सकता है कुछ कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता की वजह से भी हों या सत्ता हासिल करने के लिये पिछले कुछ समय से जिस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप चुनावी बहस का आधार बनाये जाते हैं उन्हें देखते हुए इन आशंकाओं के पूर्वाग्रह होने के आरोप को भी एकदम नकारा नहीं जा सकता। परंतु कुछ समय से और विशेषतरू मप्र, छग और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की कार्य पद्धति में जो परिवर्तन दिख रहे हैं वे कुछ आशंकाओं को सिद्ध तो करते हैं। वैसे तो पिछले लगभग आजादी के बाद से ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन में देश के सत्ताधारी दल के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री का निर्णायक हस्तक्षेप रहा है। परंतु पिछले 55 वर्षों से यानि 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी के बहुमत से जीत जाने के बाद श्हाईकमान्य के नाम से मुख्यमंत्री नामजदगी की परंपरा शुरू हुई और यह बीमारी यहां तक पहुंची कि चुनाव के बाद पार्टियों के विधायक दल चाहे मुख्यमंत्री के पद का चुनाव हो या नेता प्रतिपक्ष का चयन हो, चयन करने के लिये स्वतंत्र नहीं होते तथा एक लाइन का प्रस्ताव पारित करते हैं कि हाईकमान को अधिकार दिया जाता है। यह एक प्रकार से दलों में लोकतांत्रिक प्रणाली का समापन और चरम व्यक्तिवाद और केंद्रीयकरण का उदभव था। यह चलन कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय पार्टियों में भी रहा क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के राज्य

प्रमुख जो होते हैं वे स्वयंभू सर्वेसर्वा होते हैं। हालांकि भाजपा में यह चलन एकदम उस रूप में शुरू नहीं हुआ था जिस रूप में कांग्रेस में आया था। और वहाँ एक स्तर पर विधायकों की राय को भी जाना जाता था, जो संघ के लोग संगठन मंत्री होते थे वे भी अघोषित रायसुमारी विधायकों में करते थे और इन सब सूचनाओं के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री के पद का चयन करता था। परंतु इन तीन राज्यों के चुनाव में अप्रत्याशित और विशाल बहुमत की जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और विशेषतरू प्रधानमंत्री को एक छत्र शक्तिशाली बना दिया है। तथा केंद्रीयकरण का चरम रूप देखने को मिल रहा है। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नामजदगियाँ बगैर किसी रायशुमारी के सीधे केंद्रीय नेतृत्व ने की है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दिखाने का प्रयास भी नहीं किया। विधायक दलों की बैठक में जो केंद्रीय पर्यवेक्षक भेजे गये उन्होंने विधायकों को एक पर्ची दिखाकर बता दिया कि यह केंद्र का निर्णय है और विधायकों ने बिना चू-चपड़ के पर्ची के आदेश को शिरोधार्य किया। पर्ची से मुख्यमंत्री के जन्म की यह नई परिपाटी जो भाजपा में शुरू हुई है यह लोकतांत्रिक तो नहीं ही है इसके साथ ही एक खतरनाक केंद्रीयकरण की भी शुरुआत है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संचालक और उनकी टीम की क्या भूमिका है मैं नहीं जानता, परंतु इसके पहले तक विधायक दलों के चुनाव में जो भूमिका संगठन मंत्रियों के माध्यम से संघ की सुनने या जानकारी में आती थी वह इस बार नहीं लग रही है। हालांकि संघ का शिक्षण व संस्कार भी एक अंधानुकरण का है, याने जिस प्रकार एक गड़रिया समूचे भेड़ों के समूह को हाँकता है और वे उसका आदेश मानकर चलती हैं वही अनुशासन की परिपाटी संघ की रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में जनसंघ व भाजपा इस परिपाटी से अभी तक कम से कम दिखावे में मुक्त थी परंतु अब वह दिखावे का हिस्सा भी भाजपा ने छोड़ दिया। हालांकि इसका एक अच्छा भी परिणाम हुआ है कि लंबे समय तक मुख्यमंत्रियों के पदों पर बैठे रहे जो अपना गुट या समर्थकों अथवा कृपा वालों का गुट बनाकर स्थाई जैसे हो गये थे, उनके हाथ से सत्ता छिन गई। निरंतर और स्थाई सत्ता, जड़ता और तानाशाही पैदा करती है। इसलिये सत्ताधारी राजनैतिक दलों में भी परिवर्तन होना चाहिए। मेरी राय में तो हर 5 सालों में नेतृत्व में सत्ता के व संगठन के दोनों में परिवर्तन होना चाहिए। दलों के सत्ता और संगठन के नेतृत्व में परिवर्तन होते रहने से नया नेतृत्व उभरेगा तथा परिवारवाद भी कम होगा। यह लोकतंत्र के लिये भी शुभ है और नये नेतृत्व के लिये उभरने के लिए आवश्यक है। जिस प्रकार पुराना वृक्ष जिसकी जड़ें मजबूत हो जाती हैं, वह सारा रस खींच लेता है और अपने नीचे आस-पास किसी नये पौधे को नहीं पनपने देता वही स्थिति राजनीति की भी होती है। एक जो दूसरा चिंताजनक पहलू है वह भी विचारणीय है। इन विधानसभा के चुनाव में और चुनाव के बाद पार्टी और सरकार के कार्यक्रम के नाम पर एक नया जुमला शुरू हुआ है, वह है मोदी गारंटी। विधानसभा चुनाव में स्वतरू प्रधानमंत्री ने मोदी गारंटी का सभाओं में उल्लेख किया। यह कहते हुये कि मोदी गारंटी मतलब उसका क्रियान्वयन होना निश्चित है। इस कथन का एक अर्थ यह हुआ कि जो वायदे सूबाई सरकार के मुखिया कर रहे थे उनके क्रियान्वयन की गारंटी नहीं थी बस केवल प्रधानमंत्री जी के वायदे के क्रियान्वयन की गारंटी है तथा विधानसभा चुनाव की जीत के बाद भी यही कहा गया कि जीत का कारण केवल मोदी गारंटी है। याने देश की जनता का विश्वास एक मात्र केवल मोदी जी पर ही है और अब भाजपा शासित सभी राज्यों पर हर विज्ञापन में सिर्फ दो ही चित्र दिखते हैं ऊपर प्रधानमंत्री का, नीचे मुख्यमंत्री का। इतना ही नहीं राज्यों में हो रहे छोटे बड़े हर काम का लोकार्पण, विमोचन, शिलान्यास और शुरुआत प्रधानमंत्री जी या तो सशरीर उपस्थित होकर या फिर वर्चुअली याने वीडियो कांफ्रें स से कर रहे हैं और उनके हर कार्यक्रम और भाषण को राज्यों में मंत्रियों, मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों को सुनना और देखना अपरिहार्य है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम कहने को सरकारी होता है, खर्च और व्यवस्था पूर्णतरू सरकारी होती है परंतु वह पूर्णरूपेण दलीय कार्यक्रम होता है। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के नाम पर इन आयोजनों में सभी बड़े-छोटे नौकरशाह और कर्मचारी भी शामिल होते हैं यह एक प्रकार से नौकरशाही का दलीयकरण है और दलों का नौकरशाहीकरण है। भारतीय संविधान ने देश के प्रशासन तंत्र को याने नौकरशाही को दलीय राजनीति से मुक्त रखा है। हमारे देश में इन्डपेंडेंट ब्यूरोक्रेसी है। कमिटेड ब्यूरोक्रेसी नहीं है।

विचार

हिमालयी क्षेत्रों में परियोजनाओं को लेकर चिंता

हिमालयी क्षेत्रों में रेलवे, बांध, जल संबंधी परियोजनाओं और चार-लेन की राजमार्ग से जुड़ी सभी ढांचागत विशाल परियोजनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की केंद्र सरकार से मांग की गई है। 'पीपुल्स फॉर हिमालय' अभियान का संयुक्त रूप से नेतृत्व कर रहे संगठनों ने शनिवार को एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में लोक सभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के लिए पांच सूत्री एक मांग पत्र पेश किया। इन परियोजनाओं से हिमालय जैसे बनिस्बत कच्चे या कहें कि युवा पहाड़ के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान से चिंतित संगठनों का कहना है कि इन परियोजनाओं की बहुआयामी समीक्षा किया जाना जरूरी हो गया है। इसलिए कि इनके क्रियान्वयन के क्रम में उद्योगपति पहाड़ की घाटियों और चोटियों का खुला और मनमाफिक दोहन कर रहे हैं, और इस कारण आने वाली आपदाओं का दंश स्थानीय लोगों को सहना पड़ रहा है। कहीं सुरंग बैठ जाती है, तो कहीं शहर का शहर जमींदोज होने की कगार पर है। जलवायु कार्यकताओं में इस बात को लेकर नाराजगी है कि बड़ी परियोजनाओं के जरिए 'विकास' के इन तौर-तरीकों से स्थानीय लोग प्रभावित होते हैं। जरूरी है कि परियोजना शुरू करने से पूर्व उन्हें विश्वास में लिया जाए। जनमत संग्रह और विचार-विमर्श करके ही किसी सर्वमान्य निर्णय पर पहुंचा जाए। कानूनन अनिवार्य हो कि परियोजना शुरू करने से पहले इनके पारिस्थितिकीय नुकसान के आकलन में जनभागीदारी भी होगी। अभी हो यह रहा है कि प्रोजेक्ट से प्रभावितों के पुनर्वास के लिए करदाताओं के धन का इस्तेमाल किया जाता है, और पहाड़ों की चोटियों और घाटियों का शोषण करने वाले उद्यमियों की कोई जवाबदेही नहीं होती। वे लाभ कमाकर निकल चुके होते हैं, और पारिस्थितिकीय व पर्यावरणीय क्षति से स्थानीय आबादी हलकान और परेशान होती है। चरवाहे, भूमिहीन, दलित, जनजातियां और महिलाएं नीतिगत खामियों के चलते दरपेश आपदाओं और जलवायु संकट से सर्वाधिक त्रस्त होती हैं, जबकि उनका आफत को न्योता देने वाले मानव-निर्मित कारकों में योगदान नहीं होता। जलवायु कार्यकर्ताओं ने ब्रह्मपुत्र नदी तथा उसके बेसिन में प्रस्तावित पनबिजली विकास परियोजनाओं के प्रति भी आगाह किया है। जरूरी है कि जनभावना को 'विकास के ज्वर' से ग्रस्त न होने दिया जाए।

शहबाज शरीफ पर मेहरबान बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल की समाप्ति के पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक पत्र लिखा है जिसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे। आमतौर पर यह होता है कि दो देशों के नेताओं के बीच टेलीफोन पर बात होती है। बाइडन ने यह पत्र लिखकर भारत सहित अन्य क्षेत्रीय देशों को यह संदेश दिया है कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच नजदीकी रिश्तों का नया दौर शुरू हो रहा है। यह भी गौर करने वाली बात है कि इस पत्र को इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने सार्वजनिक किया है। पत्र में सबसे महत्त्वपूर्ण बातंयह है कि बकौल बाइडन अमेरिका और पाकिस्तान क्षेत्रीय और विश्व मामलों पर 'राजनीतिक सहयोग' जारी रखेंगे। यह शब्दावली भारत के लिए चिंता का विषय बन सकती है। यह सब उस समय हो रहा है जब आम चुनाव के पहले अमेरिका भारत को लोकतंत्र का उपदेश दे रहा है। अमेरिका के रणनीतिक लक्ष्य साफ हैं। वह पाकिस्तान में चीन को बेदखल करना चाहता है तथा ईरान के खिलाफ उसे खड़ा करना चाहता है। यह भी स्पष्ट है कि इमरान खान को सत्ता से हटाने में अमेरिका ने बड़ी भूमिका निभाई है। इमरान की पार्टी के नेताओं के अनुसार अमेरिका शहबाज शरीफ की सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। अपनी सारी राजनीतिक नादानियों के बावजूद इमरान खान ने पाकिस्तान में स्वतंत्र विदेश नीति पर अमल करने की कोशिश की थी। इसी सिलसिले में वह रूस की यात्रा पर भी गए थे। यही उनकी राजनीतिक पतन का एक कारण बनी। राजनीतिक उथल-पुथल के दौर में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर और खुफिया एजेंसी आईएसआई प्रमुख ने वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत की थी। सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इसी दौरान पाकिस्तान के भावी राजनीतिक परिदृश्य का लेखा-जोखा लिया होगा। पिछले कुछ दिनों के दौरान पाकिस्तान में चीन के आर्थिक हितों पर हमले हुए हैं जिनमें इसके प्रशिक्षितकर्मी मारे गए हैं। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि वह ईरान-पाकिस्तान-तेल गैस पाइपलाइन के पक्ष में नहीं है। अपनी खस्ता आर्थिक हालात से उबरने के लिए पाकिस्तान को आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से कर्ज की दरकार है। अमेरिका के प्रभाव वाली ये वित्तीय संस्थाएं पाकिस्तान को तभी कर्ज देंगी।

लोकसभा चुनाव,राजग तैयार,इंडिया गठबंधन में रार

अशोक उपाध्याअय,
पूर्व संपादक, यूनीवार्ता

लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान तेज होने लगा है। भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाल ली है। राजग में उम्मीदवार तय करने से लेकर जनसंपर्क और प्रचार अभियान मतदाता को रिझाने पर केंद्रित हो गया है। नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जे पी नड्डा की अगुवाई में हर प्रदेश में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता चुनावी मैदान में जीत का परचम लहराने के लिए जुट गये है। उनके हौसले बुलंद हैं और वे मोदी तीसरी बार,अबकी बार 400 पार के असाधारण लक्ष्य को हासिल करने के लिये चुनावी रण की ओर निकल पड़े हैं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन दिल्लीक के मुख्यलमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता के आरोप में गिरफ्तारी के विरोध में एकजुट दिखने की कोशिश में लगा है। इस क्रम में पहली बार दिल्लीम के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेता एकत्र हुये और भ्रष्टाकचार के खिलाफ नरेन्द्रल मोदी की मुहिम को राजनीति से प्रेरित करार दिया। उन्हों ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर एकजुटता दर्शाई और मोदी सरकार पर संविधान को बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इन नेताओं ने केंद्रीय जांच एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूकरो पर भ्रष्टावचार की आड में विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। लाल किले से स्वा धीनता दिवस पर भ्रष्टा चार के खिलाफ लडाई तेज करने का संकल्पल व्यकक्तन कर चुके प्रधानमंत्री मोदी ने अब कहा है कि चुनाव के बाद उनके तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने रुद्रपुर में 'विजय शंखनाद' रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा । यह गारंटी मैं आपको देने आया हूं। मोदी ने कहा, ''भ्रष्टाचार से हर गरीब का हक छिनता है, हर मध्यम वर्ग का हक छिनता है और मैं किसी का हक किसी को छीनने नहीं दूंगा। मोदी ने कहा कि आने वाले पांच साल अभूतपूर्व काम और बड़े फैसलों के लिए होंगे लेकिन उसके लिए जनता को उन्हें और मजबूत करना होगा।विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' ने अपने इरादे साफकर दिए हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे राहुल गांधी ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार भाजपा सरकार को चुना तो आग लग जाएगी । प्रधानमंत्री ने कहा कि 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर रहते ही देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। देश में इमरजेंसी लगाने वाली कांग्रेस का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं बचा है और इसलिए वह जनादेश के विरूद्ध लोगों को भड़काने में जुट गयी है।वास्ताव में कांग्रेस देश को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है और अराजकता में झोंकना चाहती है। इंडिया गठबंधन भ्रष्टारचार के खिलाफ कार्रवाई को उन्हें पीडित करने की कार्रवाई अर्थात विक्टिम कार्ड खेलकर सहानुभूति बटोरना चाहता है। चुनाव में ये मुद्दा किसके हक में जाता है और उसका कितना असर पडता है इसे लेकर पक्ष विपक्ष एक दूसरे के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। लेकिन इंडिया गठबंधन चुनावी तैयारियों को लेकर जमीनी स्तंर पर काफी पीछे दिख रहा है। दरअसल जिस सोच के साथ यह गठबंधन बना था वह पहले ही तार तार हो चुका है। राजग के खिलाफ विपक्ष का संयुक्त उम्मीरदवार खडा करने का इंडिया का मंतव्य पहले ही ध्वकस्तत हो चुका है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में इंडिया गठबंधन के बीच वोट ट्रांसफर न केवल बड़ी चुनौती है बल्कि सही मायने में दुष्कर कार्य है। जिस तरह से बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर घमासान मचा हुआ है उससे इंडिया गठबंधन के नेताओं के दावे खोखले दिखाई दे रहे हैं। बाहुबली पप्पू यादव और लालू यादव का परिवार एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। हालत यह हो गई है कि कांग्रेस पप्पू यादव से किनारा कर लालू यादव के परिवार का खुलकर पक्ष लेती दिख रही है। कांग्रेस लालू यादव के सामने बेबस दिखाई दे रही है और उसके लिए अपना वजूद बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है।महाराष्ट्र में भी कांग्रेस शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सामने बेबस दिखाई दे रही है। उद्धव ठाकरे की शिव सेना के प्रवक्ताओं ने जिस तरह से कांग्रेस को खुलकर चुनौतियां दी उससे कांग्रेस की न केवल फजीहत हुई बल्कि उसकी साख को धक्का लगा है। तमिलनाडु में भी द्रमुक ने कांग्रेस को आइना दिखाया है। केरल में मार्क्सवादी पार्टी का रवैया कांग्रेस के लिये नुकसानदेह साबित हो सकता है। राजग के लिये इंडिया गठबंधन चुनौती बन सकता था लेकिन जिस तरह से विपक्ष के बाकी दल कांग्रेस के अतीत और वर्तमान को लेकर बंटे हुये है उससे साफ है कि वे कांग्रेस के नेतृत्वक को स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं हैं। फिर मोदी सरकार ने पिछले दस साल में कामकाज के लिहाज से अपनी छवि बनाई है उससे भाजपा की स्थिति मजबूत बनी हुई है। खुद मोदी की छवि एक विश्वउ नेता और समर्पित कर्मठ नेता के रूप में उभरी है। आम धारणा बन गई है कि मोदी के नेतृत्व् में देश आगे बढा है और दुनिया में भारत एक ताकतवर देश बनकर उभरा है। मोदी को सीधे चुनौती देने के लिये विपक्ष के पास कोई कद्दावर नेता का विकल्पो नहीं दिखता है। दरअसल लोकसभा चुनाव मोदी बनाम बाकी की जद में अटक गया है। राजग के उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतर रहे हैं लेकिन हर कोई अपना वोट मोदी के नाम और काम पर मांग रहा है। भाजपा के लिये चुनावी रणनीति के लिहाज से यह एक आदर्श स्थिति है और इंडिया गठबंधनअभी तक अपनी जमीन तैयार नहीं कर पाया है।

नए खेल मैदान बनाओ,पुरानों का संरक्षण करो

भूपिंदर सिंह

भवन निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण कहीं भी हो सकता है तो फिर मैदान के लिए दुर्लभ समतल जगह को क्यों बरबाद कर रहे हो। हर शिक्षा संस्थान को अपना खेल मैदान चाहिए। नए खेल मैदानों का निर्माण व पुरानों का संरक्षण जरूरी है केंद्रीय खेल मंत्रालय का भारतीय खेल प्राधिकरण अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के साथ मिलकर हर साल करोड़ों रुपए नए खेल मैदानों को बनाने व पुराने मैदानों के रखरखाव के लिए जारी करता है, मगर हकीकत में इस धन राशि की खूब बंदरबांट होती है। दो वर्ष पहले अकेले मंडी जिले में लगभग चार दर्जन खेल मैदानों के लिए धन आबंटित किया था मगर सब जगह गोलमाल ही किया हुआ है, कहीं पर भी खेल मैदान तैयार नहीं हुआ है, जो खेलने की समतल जगह थी वह भी बरबाद कर दी है। यही हाल अन्य जिलों का भी है। सरकार इस बंदरबांट पर कब अंकुश लगाएगी। शिक्षा का अर्थ मानव के सर्वांगीण विकास से है, यानी मनुष्य शारीरिक व मानसिक रूप से इतना सशक्त होना चाहिए कि वह जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त कर खुशहाल व स्वस्थ जिंदगी जी सके। इसलिए विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस के स्तर में सुधार करना भी बेहद अनिवार्य है। किसी भी शिक्षा संस्थान का परिसर उसके खेल मैदानों से ही पहचाना जाता है कि वह किस स्तर का है। बिना खेल मैदानों के शिक्षा संस्थान की कल्पना भी बेमानी है। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सबके लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से

लंबी चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बना कर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए लिए प्रयोगशाला भवन तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया जा रहा है। मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल की टिहरा उपतहसील के अंतर्गत क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिहरा के खेल मैदान में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन भारी विरोध के बावजूद बना दिया गया। पूरा क्षेत्र अवाहदेवी से लेकर गद्दीधार तक रिज पर बसा है। चलने के लिए सडक़ है, वही खेल मैदान व पार्क का काम करती है। इस क्षेत्र में वालीबॉल व कबड्डी की प्ले फील्ड होना भी बड़ी बात है। यहां पर पहले ढगवाणी विद्यालय के मैदान में जल शक्ति विभाग ने पम्पहाऊस बना दिया और अब टिहरा विद्यालय के मैदान में विज्ञान प्रयोगशाला। दूसरी तरफ इसी क्षेत्र के चोरथला, कांगो का गहरा व कमलाह स्कूल के मैदानों के लिए लाखों रुपए दिए हैं, मगर वहां भी सब आधा अधूरा है। हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय पर ध्यान दे ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वास्थ्य भी मिल सके। एक समय था जब विद्यार्थी सवेरे-शाम अपने अभिभावकों के साथ कृषि कार्य में हाथ बंटाता था, फिर कई किलोमीटर चल कर विद्यालय पहुंचता था। उस समय किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी, मगर आज जब पढ़ाई के लिए घर का काम बंद, पैदल चलने का रिवाज ही नहीं है तथा खेल के नाम पर मोबाइल व कम्प्यूटर है तो फिर फिटनेस के लिए खेल मैदान तो अनिवार्य हो जाता है, नहीं तो फिर हमारी संतानें कहीं नशे के दलदल में फंस जाएंगी। उस उच्च शिक्षा का क्या अर्थ रह जाता है जिससे आप प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अभियंता, चिकित्सक, प्रबंधक तो बन जाते हैं, मगर आप स्वस्थ रहकर साठ वर्षों तक देश व प्रदेश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोग तीस-चालीस साल की उम्र में जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस सबके पीछे जिम्मेदार बिना फिटनेस कार्यक्रम की स्कूली शिक्षा है। फिटनेस के इस संवेदनशील विषय पर इस कॉलम के माध्यम से सरकार व अभिभावकों को बार-बार सचेत किया जाता रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में पढने के लिए कमरे तो हैं मगर उनकी फिटनेस के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है। मैदान होंगे, तभी फिटनेस पर कार्य होगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग निजी शिक्षा संस्थान खोलने के लिए तो मैदान की अनिवार्य शर्त रखता है, मगर अपने सरकारी संस्थानों के मैदानों में भवन व पार्किंग बना कर अपने ही नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। अभी भी समय है हिमाचल प्रदेश की जनता व सरकार दोनों को विद्यार्थी जीवन में फिटनेस कार्यक्रम के महत्व को समझना होगा, नहीं तो भविष्य में हमारी आगामी पीढियां हमें कभी माफनहीं करेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेल जगत में बहुत कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है, इसलिए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने पर भी पोडियम तक पहुंचना सबके बस की बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में स्थान बनाने के लिए जहां विद्यालय स्तर से ही अच्छे ज्ञानवान प्रशिक्षक चाहिएं, वहीं पर प्ले फील्ड भी बहुत जरूरी है। हिमाचल प्रदेश के खेल मैदानों व अन्य हाल ही के वर्षों में बनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड का रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए।

उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ मैदान चंबा, मंडी, अमतर, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहडू, सराहन, सोलन, चैल व नाहन में बनाए थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों व उत्सवों से बचे समय में होती रही हैं। सुजानपुर व जयसिंहपुर के बड़े मैदानों पर तो पहले ही बहुत अतिक्रमण हो चुका है, अब मंडी के पड्डल मैदान का भी हाल अच्छा नहीं है। सरकाघाट महाविद्यालय के खेल मैदान में मिट्टी के सैंकड़ों ट्रक डाल कर डंपिंग साईट बना दिया है। भवन निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण कहीं भी हो सकता है तो फिर मैदान के लिए दुर्लभ समतल जगह को क्यों बरबाद कर रहे हो।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, गुरुवार 04 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

काव्य रचना हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था

पावन पुनीत परम पूज्य गुरुदेव, महामुनि ब्रम्हांड संत, 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीव ने अपने नश्वर देह का त्याग किया। 17 व 18 फरवरी 2024 के दरमियानी रात्रि को, तीसरे प्रहर (त्रियामा) के समापन व चतुर्थ प्रहर (उषा) के आरम्भ में, उस समय माना जाता है कि विभिन्न प्रकारेण देवी देवता विचरते हैं और ऐसे ब्रह्मकाल के पलों को मोक्ष गमन का समय बनाया आचार्य श्री आपनेज.हे वर्तमान के वर्धमान स्वीकारों हमारा वंदन नमोस्तु गुणगान।

-: काव्य रचना :-

आचार्य श्री को अभी हम पर और कृपा बरसाना था
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था..
आपसे बहुत कुछ जाना था,
जो कुछ भी अनजाना था
और भी ज्ञान अभी तो हमको पाना था-2
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।1।।
विद्याधर से विद्यासागर हुए आप,
सिर्फ जैन नही जन-जन के आदर्श हुए आप,
हिंसा पीड़ित विश्व में अहिंसा अलख और जगाना था,
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।2।।
विद्या के सागर थे आप,
वीतरागता के गागर थे आप,
ब्रम्हांड में अभी और ऊर्जा बरसाना था-2
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।3।।
सरल सादगी की मूरत थे आप,
महावीर की परछायी और सूरत थे आप,
आपमें जिनवाणी का अदभुत नज़ारा था-2
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।4।।
हर जीव से मित्रता की सीख देते रहे आप,
इंडिया नही भारत कहिए की गूंज देते रहे आप,
आपकी मुस्कुराहट से खिलता हमारा जमाना था-2
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।5।।
चल चरखा सूत से स्वदेशी प्रीत जगाई आपने,
गऊशाला, जीवदया की राह दिखाई आपने,
बहुत सी प्रतिभास्थली अभी और जगमगाना था-2
हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।6।।
चन्द्रगिरि को तीर्थ बनाया आपने,
चरम तीर्थेश की महिमा बताया आपने,
डोंगरगढ़ को समाधिस्थल बनाना था,
छत्तीसगढ़ के मान को बढ़ाना था
लेकिन ज्हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था
लेकिन ..हे गुरुदेव आपको ऐसे तो न जाना था ।।7।।

भाव रचना- **जैन भूपेन्द्र कोटड़िया**

मुनि श्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- बनाने की सोची-बिगाड़ने की नहीं

बनखेड़ी (विश्व परिवार)। संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रश्खर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा कि बसाने ही मो दिये उजाड़ने की नहीं, जोड़ने की सोचिये - तोड़ने की नहीं। बया नक्शा बनाना है यदि समाज का तो बनाने की सोचिये - विशाउने की नहीं। पुज्यश्री आदिनाथ जयन्ती के उपलक्ष पर विशेष प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। उन्होने आगे कहा कि हर युग के आदि में में ऋषभदेव भगवान ने ही हमें प्रकृति से परिचय कराया और संस्कृति से प्राप्त करने का मार्ग बताया। मुनि श्री ने चार शब्द पर अपना चिंतन दिया- प्रकृति- विकृति- दुष्कृति एवं संस्कृति। भूख लगने पर खाना प्रकृति है, बिना भूख के खाना विकृति है, दूसरे वा छिनकर रवाना दुष्कृति हैं और भूखे वो खिलाकर खाना हमारी संस्कृति है। गाय से दूध दुहना प्रकृति है, दूध का फट जाना विकृति है दूध का हुल जाना दुष्कृति है और दूध कसे जमावर तपाकर घी निकाल लेना भारतीय संस्कृति है। मुनि श्री जी ने इन उदाहरण से ऋषभदेव भगवन के सन्देश को समझाया कि आत्मा की शुद्ध अवस्था हमारी प्रकृति है परन्तु अभी कर्म- किट्टीमा लगी है। दोष- दुर्बलता दुर्गुण के कारण वह विकृत या ढकल बनी इसी है इस विकृति एवं दुष्कृति के कारणों से आत्मा को बचाना संस्कृति है। खरपतवार को पहले उखाड़ फेंको अन्यथा वह जम गयी तो हमें प्रकृति से विकृति की ओर ले जायेंगी। अंत में मुनिवर ने गुरुदेव का हायकू लिया बना बनाया खेल मत बिगाड़ो पूछताओगे। जो बना बनाया है उसे बिगाड़ने की कमी मत सोचो।

ध्यान में क्षम नहीं विश्राम है : मुनि श्री

शोभानगर। संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा कि जिन्दगी में हर व्यक्ति से करना वो करना तो सोचता है पर मुझे मरना है ये नहीं सोचता। गुरुदेव सदैव कहते हैं कि मन वचन काय की प्रवृत्ति जहाँ होगी वहाँ संसार ही बढ़ेगा, इसलिए हर कुछ भी मत कर हाथ में हाथ धरकर बैठ जा तभी, संसार को कार सकेगा ध्यान काल में ज्ञान का श्रम नहीं - पूर्ण विश्राम 1 मुनिश्री जी ने कहा प्रवृति में पाप ही होता है इसलिए प्रवृत्ति को छोड़ दो। यहाँ तक कि तीर्थंकर भी जब तक समोराण में है तब तक सिद्ध होने वाले नहीं / सिद्ध अवस्था को पाने के लिए हमे पूर्ण विश्राम में जाना होगा स्वयम्भ स्तोत्र का अर्थ बताते हुऐ कहा कि सभी तीर्थकरो ने शुक्ल ध्यान से कर्मो का नाश किया और परम सिद्ध अवस्था पाई अग्नि तेज होगी तभी सब जलकर खाक होगा। कुछ भी बचने नहीं देती यह अग्नि उसी तरह ध्यान को हम अनादि से संचित कर्मो को नष्ट करके शुद्ध बन सकते हैं। **-विद्यावाणी संकलन**

प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी का जन्म कल्याणक महामहोत्सव आचार्य श्री संघ के सानिध्य में मनाया गया

विदिशा (विश्व परिवार)। श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से प्रथम दीक्षा प्राप्त आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज ससंघ श्री शांति नाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर विदिशा में विराजमान है। उनके साथ विदिशा एवं गंजबासौदा गौरव मुनि श्री सानंद सागर जी एवं मुनि श्री सजग सागर जी के साथ अन्य मुनिराज विराजमान है। प्रात:कालीन बेला में प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री ने कहा कि विदिशा नगरी तो धर्म की वह नगरी है जहां धार्मिक अनुष्ठान होते ही रहते हैं, उन्होंने कहा कि यह तो रत्नों की खान है। यहां से तो गुरूदेव से दीक्षित चेतन रत्न है जो मोक्षमार्ग के पद को प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म तृतीय काल में इच्छावाकु वंश में आयोध्या नगरी में हुआ और उसी काल में मोक्ष को गये। आप राजा नाभिराय- मरुदेवी के पुत्र थे उन्होंने कहा कि भगवान के गर्भ में आने के छह माह पहले से ही जन्म होने तक प्रतिदिन देवों द्वारा चौदह करोड़ रत्नों की वर्षा प्रारंभ होती रही एवं चारों और भय रहित सुख शांति का बातावरण था आम जन 10 प्रकार के कल्पवृक्ष से ही भोग उपभोग की वस्तुएं प्राप्त कर लेते थे।भगवान आदिनाथ से ही कर्म भूमि का आरंभ हुआ इनके ज्ञान, कौशल, प्रतिभा को देखकर लोगों को इनसे ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा जागृत हुई। कर्मभूमि का शुभारंभ हुआ अत: लोगों को षट कर्म की शिक्षा दी। लोगों को खेती करना सिखाया उन्होंने कहा किकृषि करो या ऋषी बनो का संदेश भगवान आदिनाथ के काल से ही प्रारंभ हुआ, जिस तरह से उन्होंने जीना सिखाया। जब जब भी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा होते है तो भगवान आदिनाथ को ही प्रतीक स्वरुप रखा जाता है। 83 लाख पूर्व वर्ष बीत जाने के बाद उन्होंने उपदेश दिया कि हमारा लक्ष्य मात्र जीवन का भरण पोषण करना ही नहीं अपितु हमारा लक्ष्य तो जन्म मरण का अंत करना है मुक्ति को प्राप्त करना है पुरुषार्थ करके अपने जीवन को सार्थक बनाना है। यह उपदेश हमें ऐसे दिगंबर, वीतरागी, तपस्वी संत ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में अपने गुरु अवश्य बनाना चाहिए क्योंकि जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं। गुरु ही हमें जीवन में आगे बढ़ने का मोक्षमार्ग को प्रशस्त करने का उपदेश देते हैं। उन्होंने हमें बताया कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थ किस प्रकार करें ? हमें आज जो यह धर्म मिला है। वह भगवान आदिनाथ से ही प्राप्त हुआ है;जिनका अंतिम लक्ष्य मात्र मोक्ष को प्राप्त करना था।

प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ जी की जयंती पर पालकी सहित भव्य शोभायात्रा के साथ भक्तों ने अभिषेक और शांति धारा की

रायपुर (विश्व परिवार)। आज जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देव श्री 1008 आदिनाथ भगवान/ ऋषभदेव भगवान के जन्मोत्सव दिवस पर भिलाई के समस्त जैन मंदिरों में श्री आदिनाथ भगवान की जयंती धार्मिक भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आज श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 भिलाई में श्री श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष सैकड़ो भक्तों के मध्य श्री आदिनाथ भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर भक्तों ने बारी-बारी से कंधे में पालकी को लेकर त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 से पैदल शोभायात्रा जैन जैनध्वज हाथों में लेकर गाजे बाजे के साथके साथ महिला एवं पुरुष वर्ग अग्रसेन भवन से सेंट्रल एवेन्यू सड़क मार्ग से पेट्रोल पंप के बाजू से पैदल महिलाओं और पुरुष ने अहिंसा परमो धर्म की जय कार के साथ ध्वज अपने हाथों में लेकर फेरी लगाते हुए श्री जैन भवन में प्रवेश किया जहां महिलाओं ने भक्ति गन के साथ भक्ति नृत्य करते हुए श्री आदिनाथ भगवान जी के पालकी की अगवानी किया।

इस अवसर पर आज श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में श्री आदिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक शांति धारा करते हुए श्री आदिनाथ भगवान जी के पूजन आराधना करते हुए देव शास्त्र गुरु की पूजन किया। इस अवसर पर आज श्री आदिनाथ भगवान जी के प्रथम अभिषेक स्वर्ण कलश से करने का सौभाग्य मुकेश जैन, प्रदीप अरुण जैन बाकलीवाल ने अभिषेक किया और शांति धारा का धर्म लाभ पाषाण की प्रतिमा पर अरविंद जैन एवं अष्टधातु की प्रतिमा पर श्री वि. के. शाह और ज्ञानचंद बाकलीवाल ने शांति धारा किया। श्री आदिनाथ भगवान की मंगल आरती श्रीमती ललिता देवी ज्ञानचंद बाकलीवाल, सोमेश बाकलीवाल ने किया ने किया।

इस अवसर पर सैकड़ो महिलाओं और पुरुष वर्ग की उपस्थिति में आज श्री आदिनाथ भगवान की मंगल पूजन श्रीमती साधना जैन बाकलीवाल और वरुण जैन सोमेश बाकलीवाल महामंत्री ने भक्ति मंडल टीम के भक्तों सहित पूजन किए।

इस अवसर पर आज अभिषेक पूजन करने वालों में प्रवीण छाबड़ा सोमेश बाकलीवाल जिनेंद्र जैन संजीव जैन प्रतीक नहर अनिल जैन प्रशांत जैन संजय चतुर अशोक जैन अशोक जैन सुरेंद्र जैन मुनमुन जैन अनिल विनायक संजीव शाह निशांत जैन शिपी जैन मुन्ना जैन, राजेश जैन सुनील जैन, राकेश जैन आदि ने अभिषेक किया। मंदिर के ऊपर वाली बेदी में भी श्री आदिनाथ भगवान श्री बाहुबली भगवान श्री भारत श्री भरतेश्वर भगवानके मंगल अभिषेक भक्तों ने किया इस अवसर पर आज प्रसाद वितरण कोमलचंद, प्रतीक नाहर परिवार की ओर से उपस्थित जनों को वितरित किया गया।

-प्रदीप जैन बाकलीवाल

डायल 112 टीम बन रही है लोगों के लिए संजीवनी

जिला रायपुर-डायल 112 टीम ने रास्ता भटकी मानसिक विक्षिप्त युवती को सकुशल घर पहुँचाया और सड़क दुर्घटना में घायल चालक को पहुँचाया अस्पताल

रायपुर (विश्व परिवार)। डायल 112 के द्वारा छत्तीसगढ़ में अपराध नियंत्रण, जनकल्याण एवं आपातकालीन सेवा के द्रष्टिकोण से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई थी कि जिला रायपुर थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत टाटीबंध चैक के पास दो ट्रक की आपसी भिड़ंत में ट्रक क्र सीजी 04 जेडी 6493 चालक अनिल गिरी पिता शिव राज गिरी को गंभीर चोटें आयी है। कमाण्ड सेन्टर रायपुर द्वारा डायल 112 टीम को अविलंब रवाना किया गया। मौके पर डायल 112 टीम पहुँची जहाँ चालक क्षतिग्रस्त ट्रक के केबिन में घायल अवस्था में फंसा हुआ था। ईआरव्ही टीम के द्वारा तत्काल क्रेन की व्यवस्था कर घायल चालक को केबिन से बाहर निकाला गया और घायल चालक को डायल 112 वाहन से ईलाज हेतु एम्स अस्पताल रायपुर में भर्ती करवाया गया। इस प्रकार डायल 112 टीम में तैनात आरक्षक 2730 रूपेन्द्र साहू एवं चालक प्रहलाद कुमार द्वारा उक्त सड़क दुर्घटना के कारण केबिन में फंसे हुए एवं गंभीर रूप से घायल चालक को समय पर आपातकालीन सेवा प्रदान किया गया।

इसी कड़ी में डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर को सूचना प्राप्त हुई कि एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती उम्र लगभग 20 साल जो अपने घर का रास्ता भटक गई है और जिला रायपुर थाना मंदिर हसौद क्षेत्रान्तर्गत एचपी पेट्रोल पम्प कुरूद के पास है। सूचना पर कमाण्ड सेन्टर रायपुर द्वारा तत्काल डायल 112 टीम को मौके पर रवाना किया गया।

मौके पर पहुँची डायल 112 टीम ने उक्त मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती से पूछताछ किया गया जिसने अपना नाम पता बताया तत्पश्चात् ईआरव्ही टीम के द्वारा उक्त युवती के संबंध में तश्दीक कराया गया उक्त युवती के गुम शुदगी के संबंध में उसके परिजनों के द्वारा थाना पण्डरी में गुम इन्सान का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर उक्त युवती को उसके परिजनों को सम्पर्क कर डायल 112 टीम के द्वारा उसके परिजनों को सही सलामत हालत में सुपुर्द किया गया।

प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की जयंती पर गायत्री नगर में गूंजे भगवान ऋषभदेव के जयकारे

ऋषभदेव जन्म भूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का गायत्री नगर में हुआ भव्य प्रवर्तन

जयपुर (विश्व परिवार)। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की जन्म जयंती के पावन अवसर पर पांच जैन तीर्थंकरों की पावन जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या के विकास एवं पूरे देश में जन-जन की आस्था के लिए परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से प्रवर्तित अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ 3 अप्रैल बुधवार को गायत्री नगर, महारानी फार्म, दिगंबर जैन मंदिर में आगमन होने पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा उपाध्यक्ष अरुण शाह, मंत्री राजेश बोहरा, कोषाध्यक्ष राकेश, छावड़ा, संयुक्त मंत्री मुकेश सोगानी आदि पदाधिकारियों ने रथ का आगवानी कर भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें सारस मल- पदम झांझरी परिवार सोधर्म इन्द्र बने, कुबेर इंद्र संतोष कांता बास्खो वाले परिवार, आरती का सौभाग्य विजय -रेखा सोगानी परिवार एवं पालना झुलाने का सौभाग्य रिखब- मधु पांडया परिवार को मिला। इस अवसर पर अयोध्या में एक प्रतिमा जी विराजमान करवाने का सौभाग्य आलोक अरुण, प्रमिला ज्योति शाह परिवार को मिला, सभी का स्वागत अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ आयोजन समिति की ओर से किया गया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से प्रतिष्ठाचार्य अकलंक जैन लखनऊ व राजस्थान प्रवर्तन संयोजक उदयभान जैन का स्वागत किया। राजस्थान रथ प्रवर्तन संयोजक उदयभान जैन के अनुसार भारतीय संस्कृति के आद्य प्रणेता प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव आदि पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का नगर भ्रमण कराया गया। प्रतिष्ठाचार्य अकलंक जैन ने अयोध्या विकास की पूर्ण जानकारी प्रदान की, भगवान आदिनाथ के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा महारानी फार्म के विभिन्न मार्गों पर रथ भ्रमण किया और मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा आरती व भक्ति नृत्य किए। रथ मंदिर जी में पहुंचने के पश्चात श्री जी के अभिषेक हुए और श्री जी की माल व आरती करने का सौभाग्य अनिल अमित गोधा परिवार को प्राप्त हुआ। **-उदयभान जैन**

संक्षिप्त समाचार

मुनिश्री विमलसागर जी एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज का विदिशा नगर में हुआ आगमन

विदिशा (विश्व परिवार)। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री विमल सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज का विदिशा नगर आगमन श्री पारसनाथ जिनालय रामद्वारा में हुआ। देवदर्शन कर सिविल लाईन्स होते हुये सागर की ओर रबाना हुये।प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री का राजस्थान से लगातार विहार कुन्डलपुर की ओर चल रहा है रात्री विश्राम ओलम्पस स्कूल में होगा एवं प्रात:काल पुन: पदविहार करते हुये सम्भावित आहार चर्या आगे10 कि. मी. ग्राम चक पाटनी पर होगी मुनि संघ को कुन्डलपुर तक लगभग 250 कि. मी का मंगलविहार करना है लगभग 10 अप्रैल तक सम्भावित है।

पदम डाकलिया का समाज रत्न अलंकरण से सम्मान

रायपुर (विश्व परिवार)। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जन्म जयंती महोत्सव पर भाठापारा में भव्य रथ यात्रा महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह में मनोहर गौशाला खैरागढ़ के ट्रस्टी अखिल जैन (पदम डाकलिया) का समाज रत्न अलंकरण से सम्मान किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी प्रकाश मोदी पारस चैनल और पूरे प्रदेश के समाजसेवी संस्था, सेवाभावी श्रावको की उपस्थिति में सकल दिगंबर समाज छत्तीसगढ़ द्वारा मुनिराज चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में यह अलंकरण दिया गया। पदम डाकलिया ने बताया कि यह अलंकरण गुरूवर्या श्री की कृपा से मिला है, जिन्होंने हमें जीवदया के कार्य के सत प्रेरणा दी। माता-पिता, जिन्होंने हमें शुभ संस्कार प्रदान किए और हमारे साथी ट्रस्टी, साथी सहयोगी एवं समस्त सहयोगी, जिन्होंने तन-मन-धन से सदैव सहयोग प्रदान किया।

श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर की संत शाला और सात्विक रसोई का लोकसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

त्याग, तप और समर्पण के सिद्धांतों पर चलता है जैन समाज : ओम बिरला

कोटा (विश्व परिवार)। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान जन्म कल्याण महोत्सव पर लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला ने श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महावीर नगर द्वितीय संतशाला व सात्विक रसोई का लोकार्पण किया। मंदिर अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला, अध्यक्षता कर रहे ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर, विशिष्ट अतिथि विधायक संदीप शर्मा, प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी, पार्षद गोपाल राम मंडा, योगेश राणा, रीटा सलूजा ने मंदिर भगवान आदिनाथ के दर्शन किए और श्रीफल भेंट किया। उन्होने नवनिर्मित संतशाला का देखा और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने उद्बोधन में जैन समाज के सिद्धांतों पर विचार व्यक्त किए उन्होने कहा कि यह जैन समाज की ओर प्रशंसनीय कदम है कि संत शाला में हर धर्म के संतो को स्थान मिला है। उन्होने सात्विक रसोई के विषय में कहा कि हम जैसा अन्न खाते है वैसा ही मन हो जाता है ऐसे में सात्विक रसोई से मिले पौष्टिक आहार हमारे तन व मन दोनो के लिए लाभकारी है।

प्रभात फेरी व विधान : मंदिर समिति में महामंत्री विजय पोरवाल ने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों सहित नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन का स्वागत व सम्मान समाज ने मोतियों की माला व दुप्पटे से किया। कोषाध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान जन्म कल्याण महोत्सव के तहत बुधवार प्रात: 5:30 प्रभात फेरी में भक्ति भाव से लोग जुड़े। प्रात: 7:30 शांतिधारा, प्रात: 8:00 आदिनाथ विधान के बाद 10:30 बजे हवन किया गया। कार्यक्रम में सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, कार्याध्यक्ष जे के जैन, महामंत्री विनोद जैन टोरणी, लोकेश जैन सीसवाली वालें, अशोक जैन, अभय जैन, गजेंद्र जैन, महावीर पाटनी, आर्किटेक्ट पीयूष लाहोटी, विकास जैन, जय जैन, पारस जैन व अन्य पदाधिकारी व जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

संतो व विद्यार्थियों को मिलेगा आवास : अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि हर धर्म के संतो के लिए संत शाला का निर्माण करवाया गया है। यहां वातानुकूलित व अत्याधुनिक कक्षों में हर धर्म संतों को आवास दिया जाएगा। महावीर नगर दिगंबर जैन मंदिर द्वितीय समिति की ओर से बनी अतिथि शाला में देशभर से आने वाले सर्व समाज के कोचिंग स्टूडेंट्स को भी आवास व सात्विक भोजन मिलेगा।स्टूडेंट्स के माता- पिता अतिथि शाला में पांच दिन तक रह सकेंगे। अशोक जैन, अभय जैन की देखरेख में निर्माण किया गया है।यहां सुविधायुक्त कॉन्फ्रेंस हाल का निर्माण करवाया गया है। प्रोजेक्टर के साथ एलईडी एवं स्पीकर एवं बैठने की व्यवस्था रहेगी। चातुर्मास से लेकर मंगल प्रवेश पर आने वाले साधु-साध्वियों के लिए निवास की समस्या का समाधान हो जाएगा जो विशेष कमरों में निवास करेंगे।

यह खासियत है रखता है मंदिर : अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि श्रद्धा व भक्ति का केंद्र महावीर नगर द्वितीय का श्री 1008 आदिनाथ जैन मंदिर जीर्णोद्धार के उपरान्त भव्य, आकर्षक व अति सुंदर हो गया है। मंदिर परिसर में भक्तामर स्त्रोत का चित्रों के साथ वर्णन है। अभय जैन व अशोक जैन ने बताया कि मंदिर में कुल 11 प्रतिमाएं हैं।प्रथम तल पर मूलनायक आदिनाथ भगवान विराजमान हैं। प्रतिमा की ऊंचाई करीब सवा छह फीट है। भगवान आदिनाथ के साथ शांतिनाथ तथा चौबीसी है। द्वितीय तल पर शेष प्रतिमाएं स्थापित की गई है। शेष मंजिलों पर संत आवास व सभागार है। मंदिर में चन्द्रप्रभु, पदमप्रभु, शांतिनाथ, सिद्ध भगवान, पार्श्वनाथ भगवान की दो चौबीसी, भगवान महावीर कि दो व अन्य प्रतिमाएं हैं। आठ प्रतिमाएं अष्टधातु से निर्मित है। मंदिर का शिखर करीब 108 फीट ऊंचा है। इस पर स्वर्ण कलश दमक रहा है। स्वर्ण ध्वजा भी विशेष है। हर सप्ताह रविवार को भक्तामर विधान का आयोजन किया जाता है। कई वर्षों से निरंतर जारी है। दशलक्षण पर्व, महावीर जयंती पर विशेष आयोजन होते हैं।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 04 अप्रैल 2024

संक्षिप्त समाचार

पेड़ में फांसी पर लटकी मिली युवक की लाश

भानुप्रतापपुर(विश्व परिवार)। कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां नर्सरी में एक युवक की पेड़ पर लटकती हुई लाश मिली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। फ्लिहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार आज सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर से लगे वन विभाग की नर्सरी में पेड़ पर एक युवक का लटका हुआ शव देखा। जिसके बाद इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में मृतक की तस्वीर भेजकर पता लगाने में जुटी है। मृतक ग्रे रंग की टी शर्ट और नीले रंग की लोअर पहने हुआ है और उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है।

सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेण्डमाइजेशन

सुकमा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे. गणेशन ने बताया कि मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का विभिन्न चरणों में रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के पश्चात् स्ट्रांग रूम में अलग-अलग कक्षों में रखे गए बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। कलेक्टर श्री हरिस.एस द्वारा स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस आब्जर्वर श्री रामकिशुन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप तथा अन्य अधिकारियों सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

जमीन के अंदर गड़ाकर रखा था पौवा, पुलिस ने किया जप्त

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। जिले की घुमका थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 336 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब जब्त किया है। आरोपी ने शराब अपने खेत मे जमीन के नीचे गड़कार रखा हुआ था जिसे पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना के बाद जब्त कर लिया। बता दें कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागु आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु राजनांदगाव पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर घुमका पुलिस एवं साइबर सेल राजनांदगाव की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बाटगांव निवासी आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के द्वारा अपने घर के पीछे खेत में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब को जमीन में गाड़कर रखा हुआ है। सूचना पर साइबर सेल टीम राजनांदगाव एवं थाना घुमका पुलिस के द्वारा तत्काल मौके में पहुंचकर आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के द्वारा अपने घर के पीछे खेत की जमीन के अंदर गाड़कर रखे हुये 336 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब को बरामद कर आरोपी मनमोहन गेन्द्रे को गिरफ्तार कर उसके विरूध्द थाना घुमका में धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध कायम कर न्यायालय पेश किया गया। साथ ही प्रकरण में शराब बिक्री एवं परिवहन में संलिप्त अन्य लोगो के संबंध में जाँच की जा रही है।

गांव-गांव में महिलाएं ले रहीं वोट वचन

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। स्वीप अंतर्गत ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है। लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बिहान की महिलाएं जागृति ला रहीं हैं। मतदान करने के लिए ग्रामवासियों को घर-घर दस्तक देकर प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में बिहान योजना अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्राम एवं संकुल संगठन स्तर पर मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचित सिंह के निर्देशन में स्वसहायता समूह की लगभग 6300 से अधिक महिला सदस्यों द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिला के 9 विकासखंड के 53 ग्राम संगठन द्वारा वोट वचन का शपथ किया जा चुका है।

सामान्य प्रेक्षक ने ली नोडल अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक

अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए

सुकमा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन ने सोमवार को व्यय अनुवीक्षण और मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण, एफ्एसटी,एसएसटी वीएसटी, एमसीसी के नोडल अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन दायित्व के सभी नोडल अधिकारियों से परिचय प्राप्त की और निर्वाचन सम्बन्धी सौंपे गये दायित्वों की विस्तृ जानकारी ली । इसके साथ ही सभाकक्ष में उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों को निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन व्यय की सीमा निर्धारित की गई है तथा इन सभी दलों और समितियों के समन्वित कार्य, प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में आयकर विभाग, आबकारी विभाग, बैंक और पुलिस बल के जवानों के माध्यम से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस द्वारा सामान्य प्रेक्षक को जिले में निर्वाचन सम्बन्धी तैयारी से अवगत कराते हुए मतदान दलों के प्रशिक्षण,स्ट्रांग रूम की व्यवस्था,मतदान सामग्री वितरण और मतदान दलों की रवानगी,मतदान पश्चात मतदान दलों की वापसी एवं ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री वापसी सम्बन्धी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

20 पौवा देशी शराब के साथ एक पकड़ाया

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। जिले की छुरिया थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 पौवा देशी शराब जब्त किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग का सख्त निर्देश है कि जिले में अवैध शराब बिक्री/परिवन में सख्त कार्यवाही किया जाये। जिसके पालन में मंगलवार को थाना छुरिया पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना पर फारेस्ट नाका छुरिया के आगे एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी परमेश्वर ठाकुर पिता सदाराम ठाकुर उम्र 42 साल निवासी नारायणगढ़ पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन शराब एवं नगदी रकम 250 रूपये मिला जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुंरिया में विधिवत कार्यवाही करते हुए धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

मतदान कार्य को निष्पक्षता और त्रुटिरहित संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें- कलेक्टर

गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलतापूर्वक निर्वाचन में करें भागीदारी सुनिश्चित

गरियाबंद(विश्व परिवार)। देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में भी आचार संहिता लागू है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिले में निष्पक्षता और त्रुटि रहित मतदान संपादित करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय, आईटीएस कॉलेज गरियाबंद और शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1 हजार 340 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों कॉलेजों में जाकर विभिन्न कक्षाओं में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। साथ ही मतदान से संबंधित बारीकियों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किये। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निष्पक्षता और त्रुटिरहित तरीके से संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझें। ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र का महापर्व है। इसलिए सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर निर्वाचन संपादित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी समयबद्ध और अनुशासन का पालन करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मतदान दिवस में होने वाले गतिविधियों एवं चुनावी प्रक्रियाओं की जानकारियों को अच्छे से समझे, जिससे मतदान दिवस में मतदान प्रक्रियाओं से संबंधित परेशानी न हो। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम विशाल महाराणा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हितेश पिस्दा, अर्पिता पाठक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर ज्ञान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षाणार्थी ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखे। प्रशिक्षण के लिए दिये गये प्रशिक्षण सामग्रियों का अच्छे से अध्ययन करे, जिससे सभी निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी कंठस्थ रहे। किसी भी प्रकार की कन्फ्यूजन की स्थिति में प्रशिक्षण में मौजूद मास्टर ट्रेनर से तत्काल प्रश्न पूछकर अपना डाउट क्लियर करे। उन्होंने सीआरसी, मॉकपोल, ईव्हीएम क्लोजिंग, ईव्हीएम सीलिंग, निर्वाचन प्रपत्रों के संधारण आदि की समयबद्ध तैयारी को प्रशिक्षण में अच्छे से सीखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर, एसपी ने रेंगालपाली चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

वाहनों की जांच का किया मुआयना

चेक पोस्ट पर तैनात टीम से कहा अलर्ट रहकर करें जांच

रायगढ(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल आज फील्ड पर निकले। वे रेंगालपाली चेक पोस्ट के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्होंने गुजरने वाले वाहनों की हो रही जांच का मुआयना किया। उन्होंने चेक पोस्ट में तैनात टीम से गाडियों की जांच के संबंध में जानकारी ली और जांच रजिस्टर का अवलोकन किया। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव व अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर श्री गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने इस दौरान गुजर रहे गाडियों को रुकवा कर जांच भी करवाई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में मतदाताओं को लुभाने के उद्देश्य से अवैध धनराशि व अन्य वस्तुओं का परिवहन के रोकथाम के लिए ऐसे सभी वाहनों की सघन जांच होनी चाहिए। जिस गाड़ी को जांच कर रहे हैं उसकी पूरी जानकारी दर्ज की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने टीम को पूरी तरह से अलर्ट रहकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेण्डमाईजेशन

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन (आइ.ए.एस 2009) एवं पुलिस ऑब्जर्वर रामकिशुम (आई.पी.एस. 2010) की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। साथ ही सामान्य प्रेक्षक द्वारा रेंडमाइजेशन के पश्चात् डाईट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते हुए मतगणना संबंधित मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी। इसके पूर्व सामान्य प्रेक्षक द्वारा स्थैतिक निगरानी दल, एफ्एसटी, व्यय लेखा दल मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, आबकारी विभाग, पुलिस प्रशासन सहित सभी निर्वाचन दायित्वों से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा निर्वाचन संबंधी मुलभूत जानकारी जैसे मतदान केन्द्रों की संख्या, विस्थापित हुए मतदान केन्द्र, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतदाताओं की संख्या, सामान्य बूथ, युवा मतदान केंद्र, पिंक बुथ, पीडब्ल्यू बुथ, बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों के ठहरने के व्यवस्थाओं सहित अन्य जानकारी से सामान्य प्रेक्षक को अवगत कराया गया। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक ने पुलिस बलों की उपलब्धता और सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की भी जानकारी ली गयी।

नन्हे परिंदे पातरास दंतेवाड़ा के बच्चों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। भारत सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 20 जनवरी 2024 को आयोजित परीक्षा में जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र नन्हे परिंदे पातरास दंतेवाड़ा के 49 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफ्लता हासिल की है। समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित संस्था नन्हे परिंदे पातरास दंतेवाड़ा में कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन के विशेष मार्गदर्शन में संचालित इस संस्था के बच्चों ने नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित परीक्षा वर्ष 2024 में अपना स्थान बनाया है। ज्ञात हो कि इस संस्था में दंतेवाड़ा जिले के दूरस्थ अंचल के बच्चों का प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन कर कक्षा 5वीं के अध्ययन के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय, उत्कर्ष योजना,सैनिक विद्यालय एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाती है। नन्हे परिंदे पातरास दंतेवाड़ा के बच्चों के चयन में संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू का भी योगदान रहा, इनके द्वारा भी समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता रहा है । जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एस0के0 अम्बस्थ ने इस संबंध में बताया कि ''नन्हें परिन्दे'' उत्कृष्ट संस्था है। जहां प्रत्येक वर्ष इस संस्था के अधिकांश बच्चों का विभिन्न परीक्षाओं में चयन इसे अनोखा बनाता है, इस संस्था से एक साथ 49 बच्चों का चयन संस्था की गुणवत्ता का परिचायक है। इस सफ्लता के लिए जिला प्रशासन एवं संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं बधाई के पात्र है। जिला मिशन समन्वयक एस0एल0 सोरी ने बच्चों की इस सफ्लता के संबंध में बताया कि ये बच्चे दंतेवाड़ा के दूरस्थ अंचल से आकर नवोदय विद्यालय जैसे प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते है और इस सफ्लता को प्राप्त करते है ये जिले के लिए बड़े ही गौरव की बात है।

एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक नतीजों से भरा रहा वित्तीय वर्ष 23-24

50 मिलियन टन उत्पादन के साथ कुसमुंडा बनी देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान

एसईसील के रिकॉर्ड उत्पादन में मेगापरियोजनाओं ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

कोरबा(विश्व परिवार)। वित्तीय वर्ष 2023-24 एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक नतीजे लेकर आया। कम्पनी ने 187 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया जो कि स्थापना से किसी भी एक वर्ष का सर्वाधिक उत्पादन है। एसईसीएल ने वार्षिक आधार पर लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। गत वित्तीय वर्ष में एसईसीएल ने 180.5 मिलियन टन कोयला उपभोक्ताओं को प्रेषित किया जिसमें सर्वाधिक 147.8 मिलियन टन कोयला देश के विद्युत संयंत्रों को भेजा गया, यह किसी एक वर्ष में कम्पनी द्वारा पावर सेक्टर को दिया गया सर्वाधिक डिस्पैच है। ओव्हर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) में कम्पनी ने ऐतिहासिक परिणाम दिए व 22 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 323.2 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर निष्कासित किया। एसईसील के रिकॉर्ड उत्पादन में मेगापरियोजनाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसईसीएल कीकुसमुंडा खदान ने उत्पादन लक्ष्य भेदते हुए 50 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन हासिल किया और इसी के साथ यह गेवरा के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान बनी। गेवरा ने लगातार दूसरे वर्ष 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन पार किया और खदान का कुल उत्पादन 59 मिलियन टन के पार हुआ। कम्पनी की तीसरी मेगा परियोजना दीपका ने भी पिछले वर्ष के वार्षिक उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए 33.42 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया। इसके साथ ही कंपनी के रायगढ़ एवं सोहागपुर क्षेत्रों ने अपना लक्ष्य हासिल करते हुए क्रमशरू 14.48 मिलियन टन एवं 6.03 मिलियन टन उत्पादन किया। एसईसीएल का यूजी प्रोडक्शन 12 मिलियन टन रहा तथा इसमें लगातार दूसरे वर्ष वृद्धि दर्ज की गयी। विदित हो कि यूजी विजन के तहत कम्पनी ने कान्टिन्यूअस माईनर जैसे आधुनिक तकनीक के भूमिगत खदानों में नियोजन को प्रोत्साहित किया है जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। गेवरा बनेगी एशिया की सबसे बड़ी खदान, 70 मिलियन टन के लिए मिली पर्यावरणीय स्वीकृति वित्तीय वर्ष 23-24 में एसईसीएल की गेवरा खदान के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ी जब खदान को 70 मिलियन टन उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिली। इसके साथ ही अब गेवरा का एशिया की सबसे बड़ी खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में इस वर्ष कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है। एसईसीएल ने गत वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यों पर सीएसआर व्यय के लक्ष्य को हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर 60त्न खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का 70त्न इस क्षेत्र में खर्च किया गया।

व्यापार समाचार

भारत देश में नौकरियों में तीन व गिग जॉब्स में 184 प्रतिशत की बढोतरी

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत में फरवरी और मार्च में नियुक्तियों में ती प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सफेदपोश गिग जॉब्स में पिछले साल के मुकाबले 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। फ़ाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) की रिपोर्ट के अनुसार आईटी सेक्टर गिग बूम में सबसे आगे है। गिग इकॉनमी में आईटी सॉफ्टवेयर की हिस्सेदारी लगभग दोगुनी हो गई है। मार्च 2023 में 22 प्रतिशत के मुकाबले इस साल मार्च में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है। फ़ाउंडिट के सीईओ शेखर गरिसा ने कहा,दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई जैसे मेट्रो शहर छोटी नौकरियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कुछ महीनों में गिग इकॉनमी और भी बढ़ेगी। विज्ञापन और विपणन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, पिछले वर्ष में गिग जॉब्स की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई। आईटी क्षेत्र में फरवरी में सात प्रतिशत की वृद्धि के बाद मार्च में यह दो प्रतिशत रह गई। बैंकिंग/वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में वृद्धि स्थिर रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और लोहा/इस्पात ने मार्च में विकास दर स्थिर रही। इसके अलावा, सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और रक्षा क्षेत्रों में नियुक्तियों में थोड़ी वृद्धि देखी गई।

रियलमी ने 10,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में एंट्री-लेवल 5G किलर, रियलमी 12X5G पेश किया

नई दिल्ली। भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12× 5जी लॉन्च किया। रियलमी नंबर सीरीज़ का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो जो इसके 'मेक इट रियल' के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है। एंट्री-लेवल 5जी किलर के रूप में रियलमी 12× 5जी यूज़र्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह 45W सुपरवूक चार्जिंग और 5000 mAh की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है। इसमें एयर जेस्चर कंट्रोल अपने सेगमेंट में पहली बार दिया गया है। इस स्मार्टफोन में अपने सेगमेंट में 120 ॥5 के सर्वाधिक रिफ्रेश रेट और 800 निट्स की ब्राइटनेस के साथ सेगमेंट का सबसे ब्राइट डिस्प्ले है। इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100+ 5G चिपसेट लगा है और अपने सेगमेंट का पहला वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम भी दिया गया है। यह फैशन से प्रेरित डिज़ाइन के साथ 7.69 मिमी पतली सुपर स्लिम बॉडी के साथ आता है। इसमें 50MP के AI कैमरा, 2MP के सेकंडरी कैमरा और 8MP के सेल्फी कैमरा के साथ एक शानदार कैमरा सेटअप है। इसके अलावा इसमें IP54 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टेंस, ड्युअल स्टीरियो स्पीकर और 128GB की विशाल स्टोरेज क्षमता के साथ 8GB+8GB की डायनामिक रैम जैसी अन्य फ्लैगशिप विशेषताएं भी शामिल हैं। सेगमेंट का मतलब समान मूल्य सीमा के अन्य स्मार्टफोंस से है।

सैमसंग ने एआई क्षमताओं से सुसज्जित और एडवांस्ड कनेक्टिविटी वाले बेस्पोक घरेलू उपकरणों की पूरी सीरीज का खुलासा किया

मुंबई। भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज बेस्पोक अप्लाएंसेज (उपकरणों) का प्रदर्शन किया। ये उपकरण एआई संचालित हैं, जो कनेक्टेड और पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल घरों के भविष्य की आवश ?यकताओं को सामने रखते हैं। एआई-संचालित घरेलू उपकरणों के साथ, सैमसंग का लक्ष्य तेजी से बढ़ते प्रीमियम उपकरण बाजार में ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करना है। इनबिल्ट वाई-फाई, आंतरिक कैमरे और एआई चिप्स के साथ, बेस्पोक एआई की विशेषता वाले सैमसंग के ये नए उपकरण स्मार्टथिंग्स एप्लिकेशन के माध्यम से आसान पहुंच नियंत्रण के साथ सहजता से कनेक्ट होते हैं और आसानी से घरों का प्रबंधन करने में मदद करते हैं। सैमसंग दक्षिण पश्चिम एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, हम बेस्पोक एआई पेश कर रहे हैं, जो घरेलू उपकरणों में हमारा अगला बड़ा इनोवेशन है। यह भारतीय घरों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करते हुए ऊर्जा की खपत को कम करेगा, जो हमारे ग्रह को हरा भरा बनाने में योगदान देगा। हमारे बेस्पोक एआई-संचालित घरेलू उपकरणों के साथ, उपभोक्ता अपनी पसंद के मुताबिक बदलाव करने, बुजुर्गों और बच्चों के लिए आसान कंट्रोल सुनिश्चित करने और अपने घरेलू उपकरणों की आसाना जांच में सक्षम होंगे। एआई की बदलाव लाने वाली ताकत के साथ, हमें विश्वास है कि बेस्पोक एआई भारत में डिजिटल उपकरणों के बाजार में हमारे नेतृत्व को और अधिक मजबूती देगा। एआई इन उपकरणों को लंबे समय तक चलने में मददगार बनाने और स्थिरता को बढ़ाने में भी मदद करता है। जब उनके रेफ्रिजरेटर को पानी फिल्टर बदलने की आवश्यकता होती है या एयर कंडीशनर को फिल्टर बदलने की आवश्यकता होती है तो यूजर्स को स्मार्टथिंग्स एप के माध्यम से सूचित किया जाता है। एआई की शुरूआत के साथ, सैमसंग का लक्ष्य इन उपकरणों को प्रबंधित करने में लगने वाले समय को कम करना है।

सेल का इस्पात उत्पादन 2023-24 में बढ़कर रिकॉर्ड 184 लाख टन पर पहुंचा

नई दिल्ली(एजेंसी)। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का बिक्री योग्य स्टील उत्पादन 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में में सात प्रतिशत बढ़कर 184 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 171 लाख टन की अपनी अब तक की उच्चतम बिक्री मात्रा भी हासिल की, जो एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हॉट मेटल उत्पादन में छह प्रतिशत की वृद्धि और कच्चे इस्पात के उत्पादन में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

नंबर चार पर चमके रियान ने कहा घरेलू क्रिकेट में मेरा यही रोल है

मुंबई(एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 गेंदों में नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई, ने कहा कि वह बस अपने घरेलू प्रदर्शन की नकल कर रहे हैं। आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। पिछले दो मैचों में उन्होंने लगातार अर्धशतक जड़े, जिनमें 45 गेंद में 84 रन और 39 गेंदों पर नाबाद 54 रन शामिल हैं। इससे पहले रियान ने सीजन के पहले मैच में 29 गेंदों पर 43 रन बनाए थे। सोमवार को मुंबई के खिलाफ रियान की जुझारू पारी के बदौलत राजस्थान ने 27 गेंद शेष रहते हुए मुंबई को 6 विकेट से हरा दिया। युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट ने अपने चार ओवरों में क्रमशः 3/11 और 3/22 गेंद लेकर मुंबई इंडियंस को 125/9 के छोटे टोटल पर रोक दिया। जवाब में, आरआर ने यशस्वी जायसवाल का विकेट सस्ते में गंवा दिया। फिर संजू सैमसन और जोस बटलर भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद पराग ने नाबाद 54 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा किया। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। मैच के बाद अपने प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए बैटिंग ऑलराउंडर रियान ने कहा, असल में मैंने बहुत सी चीजें करने की कोशिश करने के बजाय हर चीज को सरल बनाया है। पहले जब मैं रन नहीं बना रहा था, तो मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा सोचता था लेकिन अब मैं सिर्फ अपने खेल पर ध्यान देता हूं, जिसका मुझे लाभ मिल रहा है। पराग को पहले रॉयल्स द्वारा फिनिशर के रूप में जाना जाता था, मगर अब उन्हें बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर प्रमोट किया गया है। यह स्थिति 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए नई नहीं है, क्योंकि उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इस नंबर पर शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 85 के औसत के साथ 510 रनों की प्रभावशाली संख्या के साथ रन-स्कोरिंग चार्ट पर अपना दबदबा बनाया था।

13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया: सचिन

नई दिल्ली(एजेंसी)। पूर्व भारतीय लीजेंड क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने 2011 वनडे विश्व कप की 13वीं वर्षगांठ पर जीत को याद किया। 2 अप्रैल का दिन भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मैन इन ब्लू ने 1983 में अपनी पहली जीत के बाद 28 साल के इंतजार को समाप्त करते हुए अपना दूसरा एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता था। इस दिन 2011 में, भारत ने गौतम गंभीर और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की दो शानदार पारियों की बदौलत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने शोपीस इवेंट जीता था। सचिन ने 2011 विश्व कप ट्रॉफी के पल की एक तस्वीर साझा करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया। यादों, टीम और एक अरब से अधिक लोगों के अविश्वसनीय समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। धोनी ने गंभीर के साथ मिलकर श्रीलंका द्वारा निर्धारित 274/6 के लक्ष्य को हासिल करने में भारत की मदद की। बाद में गंभीर के 97 रन पर आउट होने के बावजूद भारत जीत के करीब पहुंच गया, धोनी और युवराज सिंह ने टीम को जीत दिलाई। धोनी के शानदार छक्के ने 10 गेंद शेष रहते भारत की जीत दिला दी। सचिन, जो 1992 से एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे, पिछले पांच मौकों पर चूकने के बाद सचिन को इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर हाथ रखने के लिए 2011 तक इंतजार करना पड़ा।

वोज्नियाकी, अनिसिमोवा जीतीं ; वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लंबा मैच जीता

चार्ल्सटन (अमेरिका)(एजेंसी)। पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी। वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरुआत में टेनिस से दूर हो गई थीं। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा दूसरे दौर में वोज्नियाकी से जुड़ गईं। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने सोमवार को फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया। अनिसिमोवा अब दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी और नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी। बाद में शाम को, 22 वर्षीय अमेरिकी क्वालीफायर केटी वॉलिनेट्स ने नीदरलैंड की 54वीं रैंकिंग वाली अरांटेक्सा रस को 6-2, 6-7(6-8), 7-6(8-6) से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। यह 3 घंटे और 43 मिनट की अवधि के साथ सीज़न का नया सबसे लंबा डब्ल्यूटीए टूर मैच था।

आरबीआई की बहुमूल्य नीलामी पद्धति के जरिए 38,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड बेचेगी सरकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक की नई एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति के जरिए 38,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की बिक्री का ऐलान किया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान के मुताबिक, इनमें शामिल हैं (द्व) एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य-आधारित नीलामी के जरिए 6,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए 7.33 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2026 की बिक्री, (द्वद्व) बहुमूल्य पद्धति का उपयोग करके उपज-आधारित नीलामी के जरिए 20,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए नई सरकारी प्रतिभूति 2034 की बिक्री और (द्वद्वद्व) बहुमूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य-आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए 7.25 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2063 की बिक्री। बयान में कहा गया है कि सरकार के पास प्रत्येक प्रतिभूति के बदले 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा। नीलामी 5 अप्रैल (शुक्रवार) को आरबीआई के मुंबई कार्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा। नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 5 अप्रैल को आरबीआई के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां दोपहर 12ः30 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच पेश की जानी चाहिए, जबकि प्रतिस्पर्धी बोलियां दोपहर 12ः30 बजे से दोपहर 1ः30 बजे के बीच पेश की जानी चाहिए। नीलामी के नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल बोलीदाताओं को भुगतान 8 अप्रैल को किया जाएगा।

दिनेश चांडीमल ने पारिवारिक जरूरत के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट छोड़ा

चटगांव (बांग्लादेश)(एजेंसी)। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश चांडीमल बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के चौथे दिन पारिवारिक चिकित्सा जरूरत के कारण चटगांव से वापस कोलंबो लौट गए। चांडीमल की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप श्रीलंका को शेष मैच के लिए एक स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक को मैदान पर लाना पड़ा। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इस कठिन समय में चांडीमल को अपना पूरा समर्थन देने पर जोर दिया और जनता से उनकी और उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया। दिनेश चंडीमल पारिवारिक चिकित्सा जरूरत के कारण तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलने वाली टीम से हट गए हैं। इसके मुताबिक खिलाड़ी तुरंत घर लौट आएगा। एसएलसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा गया है, श्रीलंका क्रिकेट, उनके टीम के साथी और कोचिंग स्टाफ जरूरत के इस क्षण में दिनेश चांडीमल का पूरा समर्थन करते हैं और अनुरोध करते हैं कि जनता उनकी और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करे। तीसरी शाम को छह विकेट खोने के बावजूद, श्रीलंका ने दूसरी पारी में 353 रन की बढ़त लेकर टेस्ट पर नियंत्रण बनाए रखा। इस पारी में चांडीमल नौ रन बनाकर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए थे। वह अर्धशतक तक पहुंचने वाले छह बल्लेबाजों में से एक थे, क्योंकि मेहमान टीम ने शुरुआती पारी में 531 रन बनाए थे। सिलहट में जीत के बाद श्रीलंका फिलहाल दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है।

ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 53,000 से ज्यादा यूनिट्स का ऑल-टाइमहाई रजिस्ट्रेशन दर्ज किया; वित्त वर्ष 23 की तुलना में रिकॉर्ड 115 प्रतिशत वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 24 समाप्त हुआ

बेंगलुरु (एजेंसी)। ओला इलेक्ट्रिक ने आज घोषणा की है कि उसने मार्च महीने में 53,000 से अधिकरजिस्ट्रेशन (वाहन पोर्टल के अनुसार) दर्ज किए, जो लगातार पांचवें महीने में फिर से सबसे अधिक मन्थलीवॉल्यूम है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में 115त्न की वार्षिक वृद्धि हासिल की,जिसमें 328,785 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं, जबकि वित्त वर्ष 23 में 1,52,741 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं। मार्च मेंअपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ, कंपनी ने महीने के दौरान अपने अग्रणी मार्केट शेयर को बनाए रखा औरपिछली तिमाही में 84,133 यूनिट्स की तुलना में क्यू4 वित्त वर्ष 24 के दौरान पंजीकृत 119,310 यूनिट्सके साथ 42 प्रतिशत क्वार्टरली वृद्धि दर्ज की।ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा: ×ह्लह्वशह्ल;मार्चमें रजिस्ट्रेशन के 53,000 मार्क को पार करने के साथ साथ वित्त वर्ष 24 का अंत इससे बेहतर नहीं होसकता था। पिछला वर्ष हमारे साथ-साथ ईवी इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है, और हम वॉल्यूम वमार्केट शेयर दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए पूरे वित्तीय वर्ष में मार्केट लीडर रहे हैं। हमने अकेले क्यू4वित्त वर्ष 24 में लगभग 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन्स दर्ज किए हैं, जो हमारे मजबूत स्कूटर पोर्टफोलियो कोदर्शाता है, और हमारा लक्ष्य विकास पथ की ओर बढ़ना व भारत की इलेक्ट्रिफिकेशन जर्नी में और योगदानरखना है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया: नई एसयूवी से अपना रास्ता बनाएं

मुंबई (एजेंसी)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया, जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है। ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुनः प्रवेश को चिह्नित करते हुए, ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग, अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई-सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो विकल्प में 5500 आरपीएम पर 100.06 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है, जो मैनुअल के लिए 21.5* किमी/लीटर और ऑटोमैटिक (स्वचालित) के लिए 20.0* किमी/लीटर की सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता के साथ पावर पैक्ड ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन 21.7* मैनुअल और 22.8(एएमटी) किमी/लीटर की ईंधन दक्षता के साथ 6000 आरपीएम पर 89.73 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर ई-सीएनजी विकल्प में भी उपलब्ध है जो 28.5* किमी/किग्रा की ईंधन दक्षता प्रदान करता है । लोकार्पण के इस कार्यक्रम में उपस्थित टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एमडी और सीईओ तथा टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन (टीएमसी) के क्षेत्रीय सीईओ श्री मसाकाज़ु योशिमुरा ने कहा, उत्पाद पेशकश और उन्नत तकनीक दोनों के मामले में भारतीय बाजार हमारे लिए हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहा है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 04 अप्रैल 2024

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने भूपेश बघेल को दिया चैलेंज

रायपुर (विसं)। देश में सात चरण में मतदान होंगे। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान होंगे। वहीं, 4 जून को परिणाम जारी होंगे। सभी पार्टियां चुनाव में जीत के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इसी बीच वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस के लोकसभा की 11 सीट जीतने के दावे पर कहा, कि मैं भूपेश बघेल और कांग्रेस नेताओं से शर्त लगाने को तैयार हूं। कांग्रेस 1 भी सीट नहीं जीतेगी। यहां रिमोट कंट्रोल की नहीं विष्णुदेव साय की सरकार है।

संक्षिप्त समाचार

रायपुर की डॉक्टर विपुल ने जीता मिसेज इंडिया एलिगेंट का खिताब

रायपुर (विश्व परिवार)। गुड़गांव में हुए अखिल भारतीय मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में रायपुर सरोना निवासी श्रीमति विपुल चौधरी ने

मिसेज इंडिया एलिगेंट का खिताब अपने नाम किया। 30 मार्च को गुड़गांव के एस्कॉट ओरियो सिटी में आयोजित मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में देशभर के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था 10 राउंड्स की इस मुकाबले में हर चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व श्रीमति डॉ. विपुल चौधरी ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी परिधान, व्यंजन और राज्य के दर्शनीय स्थलों से संबंधित तथ्यों से प्रतियोगिता के निर्णायकों को अवगत कराया साथ ही मिलेट खाद्यान के महत्व के लिए सराहना प्राप्त की। पेशे से वैज्ञानिक डॉ.विपुल एनआईटी रायपुर में कार्यरत है और दो बच्चों की माता हैं उनके पति डॉ. वरुण आनंद एम्स, रायपुर के ट्रामा विभाग में चिकित्सक है।

छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज भनपुरी-रावाभाटा की नई कार्यकारिणी हुई गठित, चेंबर मंत्री शंकर बजाज बने अध्यक्ष

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज भनपुरी-रावाभाटा की वर्ष 2024-26 की

कार्यकारिणी गठित हुई जिसके अध्यक्ष चेंबर मंत्री श्री शंकर बजाज मो. 9827150168 बने तथा महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के पद पर श्री लव बंसल एवं श्री सौरभ बरमट आसन्न हुए साथ ही उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ चितलांगिया, श्री रोहित पंजवानी, संयुक्त सचिव श्री रमेश पटेल, निदेशक श्री राजू कापसे, श्री संजय चावड़ा, श्री दिलीप भाई पटेल, श्री निलेश मुंदड़ा, सदस्य श्री नवीन भाई लिंबानी, श्री विनीत माहेश्वरी, श्री हरीश मलंग एवं श्री दिनेश माहेश्वरी बने।

नशीली दवाईयों के साथ दो आरोपी पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन के ऑटो स्टैंड के पास से जीआरपी ने बड़ी मात्रा में नशीली गोलियों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक जीआरपी ने सहदेव बेनवा पिता भैयालाल बेनवा उम्र 31 वर्ष निवासी नगर उडिया बस्ती वार्ड नं. 15 गुढ़ियारी थाना गुढ़ियारी रायपुर और अभिराम बाग पिता स्व. बुड्डू बाग उम्र 29 वर्ष पता नगर उडिया बस्ती वार्ड नं 15 गुढियारी थाना गुढियारी रायपुर (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया है।

बड़ा मंदिर में धूमधाम एवं संगीतमय वातावरण में मनाया गया श्री आदिनाथ भगवान की जयंती का महामहोत्सव

प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने जीवन में पुरुषार्थ करने और विभिन्न विद्याओं के माध्यम से जीवन को व्यवस्थित ढंग से जीने का उपदेश देकर बताई थी वर्ण व्यवस्था

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में 1008 प्रथम तीर्थंकर मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान का जन्म महोत्सव बड़े ही धूम धाम से भक्तिमय वातावरण में मनाया गया ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया की चतुर्थ कालीन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव आदिनाथ भगवान की जयंती बुधवार दिनांक 3/04/2024 को चैत्र कृष्ण नवमी को मनाई गई। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म उत्तरप्रदेश के अयोध्या नगर में हुआ था उनके पिता का नाम राजा नाभि राय और माता का नाम रानी मरू देवी था। आदिनाथ भगवान का जन्म आज से 84 लाख वर्ष पूर्व हुआ था। आदिनाथ भगवान की लंबाई 500 धनुष थी लगभग 15 सौ मीटर। राजा ऋषभ देव के भरत चक्रवर्ती और बाहुबली आदि सौ पुत्र हुए और ब्राही एवं सुंदरी नाम की दो बेटियां थी। राज दरबार लगा हुआ था नीलांजना का नृत्य दरबार में चल रहा था सभी राजा महाराजा विराजमान थे नृत्य करते-करते नीलांजना की मृत्यु हो जाती है उसी समय राजा ऋषभदेव को वैराग्य आ जाता है और अपना संपूर्ण राज पाठ अपने दोनों बेटों भरत एवं बाहुबली को सौंप कर वन को चले जाते हैं। 6 महीने तक घोर तपस्या करते हैं और उन्हें 6 महीने तक आहार की विधि नहीं मिलती है। 1 वर्ष बाद अक्षय तृतीया के दिन उनके आहार होते हैं। राजा श्रेयांश के यहां गन्ने की रस के द्वारा आदिनाथ मुनि राज के आहार होते हैं। जब भगवान की आयु 14 दिन शेष रहती है वह कैलाश पर्वत पर जाकर माघ कृष्ण चतुर्दशी को आदिनाथ भगवान कैलाश पर्वत वर्तमान में उत्तराखंड से मोक्ष चले जाते हैं। वह संसार के आवागमन से मुक्त हो जाते हैं। आदिनाथ भगवान ही जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर एवं जैन धर्म के प्रवर्तक माने जाते हैं। आदिनाथ भगवान को ऋषभ देव भी कहा जाता है आज इस अवसर पर सुबह 7.30 बजे एक शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे सर्वप्रथम चांदी के रथ में भगवान आदिनाथ को विराजमान कर धार्मिक धुनों पर बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण करवाया गया रथ में

सारथी बनने का सौभाग्य राकेश कुमार जैन एवं सुजीत जैन को प्राप्त हुआ। आज पुरुष वर्ग पारंपरिक परिधान कुर्ता पैजामा में एवं महिलाए केसरिया साड़ी में उपस्थित थी। यह शोभा यात्रा राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से कोतवाली चौक ,सदर बाजार एडवर्ड रोड गोल बाजार चिकनी मंदिर होते हुए वापस मालवीय रोड स्थित बड़े मंदिर पहुंची जहा संजय पंडित जी के दिशा निर्देश में प्रमुख चार इंद्र द्वारा भगवान आदिनाथ को पाण्डुकशिला में विराजमान कर स्वर्ण कलशो में प्रासुक जल भर कर प्रथम अभिषेक किया गया।आज प्रमुख चार इंद्र बनने का सौभाग्य महेंद्र कुमार सनत कुमार जैन चूड़ी वाला परिवार,आनंद जैन पूर्वा ग्राफिक्स ललिता चौक,प्रभात जैन अर्जुन एनक्लेव,सुनील जैन कचहरी चौक वालो को प्राप्त हुआ तत्पश्चात भगवान की रिद्धि सिद्धि सुख शांति चमत्कारिक वृहद शांति धारा की गई जिसे करने का सौभाग्य चंद्रकांत जैन लोकेश जैन बढ़ईपारा एवं महेंद्र कुमार सनत कुमार जैन चूड़ी वाला परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आज देव शास्त्र गुरु पूजन कर भगवान की निर्वाण कल्याणक पूजन कर विसर्जन पाठ कर महा अर्घ्य चढ़ाया गया अंत में महाआरती की गई इस अवसर पर ट्रस्ट एवं कार्यकारिणी कमेटी महिला मंडल के सदस्यो के साथ साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।

प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान के जीवन के प्रमुख अंश...

भगवान आदिनाथ ने जीवन में पुरुषार्थ करने और विभिन्न विद्याओं व कलाओं के माध्यम से जीवन को व्यवस्थित ढंग से जीने का उपदेश दिया था।अब तक अनंत तीर्थंकर हो चुके हैं। एक काल में 24 तीर्थंकर ही होते हैं। इस काल के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान हैं। काल दो प्रकार के होते हैं। एक उत्सर्पिणी और दूसरा अवसर्पिणी। जो काल उत्थान से पतन की और जाता है वह अवसर्पिणी काल है। जो पतन से उत्थान की और जाए वह उत्सर्पिणी काल है, तो मौजूदा काल अवसर्पिणी काल है और इस काल के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ हुए हैं। भगवान आदिनाथ के जन्म से पहले तक भोगभूमि की व्यवस्था थी। जब उन्होंने जगत को पुरुषार्थ का ज्ञान दिया तब से कर्मभूमि की व्यवस्था शुरू हुई। भोगभूमि में पुरुषार्थ की आवश्यकता नहीं होती। उनमें सब कुछ कल्पवृक्ष से मिलता है। लेकिन कर्मभूमि में मनुष्य को पुरुषार्थ कर जीविकोपार्जन के साधन स्वयं जुटाने पड़ते हैं। यह कैसे करना है, जीवन जीने के तरीके क्या होने चाहिए और समाज में रहने हुनर क्या है, यह सब भगवान आदिनाथ ने बताया।

उन्होंने परिवार को बढ़ाने के लिए विवाह पद्धति का वर्णन किया।भगवान आदिनाथ ने सामाजिक व्यवस्था के संचालन के लिए नगर, गांव, मकान आदि बनाने और उन्हें बसाने का उपदेश दिया था। इसी के साथ उन्होंने वर्ण व्यवस्था का उपदेश भी दिया। उन्होंने वर्ण व्यवस्था की स्थापना प्रजा के कार्य के अनुसार की थी। जो लोग विपत्ति के समय मनुष्यों की रक्षा करने के नियुक्त किए गए थे, वे क्षत्रिय कहलाए। वाणिज्य, खेती, गोरक्षा आदि के व्यापार में जो लगे थे वे वैश्य कहलाए। जो निम्नस्तर का कार्य करते थे तथा धार्मिक शास्त्रों से दूर भागते थे, वे शूद्र कहलाए। इसके बाद भरत चक्रवर्ती ने पूजा, पाठ करने वाले और यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण करने वाले ब्राह्मण वर्ण की स्थापना की। इस प्रकार से जैन धर्म में चार वर्ण की स्थापना उल्लेख मिलता है।

संस्कारों के बीजरूप का शंखनाद करते हुए आदिनाथ भगवान ने अपने पुत्र को अपने हाथों से जनेऊ संस्कार किया। जनेऊ संस्कार का मतलब होता था कि अब यह मद्य, मांस, मधु, बड़, पीपल, कटुम्बर, अंजीर, गूलर आदि का सेव नहीं करेगा। जनेऊ पहनने वाला ही जिनेन्द्र की पूजा, अभिषेक कर सकता है क्यों कि वह अष्टमूलगुणों का पालन करने वाला है।भगवान आदिनाथ ने असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प, विद्या जैसे छह कर्मों को आजीविका का साधन बताया। इस व्यवस्था का उद्देश्य था कि इससे दूसरों के जीवन के लिए उपयोगी वस्तुओं का उत्पादन हो। मनुष्य एक-दूसरे के जीवनयापन में सहयोगी बन कर सामाजिक व्यवस्थाओं में सहयोगी बनें। अजीविका का अर्जन करते समय भी धर्म के प्रति श्रद्धा बनी रहे, इसके लिए छह आवश्यक कर्म देवपूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप, त्याग (दान) बताए, ताकि इनके माध्यम से मनुष्य धर्म ध्यान कर पुण्य का संचय कर सकें और जीवन में जो अशुभ कर्म का बन्ध किया है, उनका नाश कर सके

समाज में स्त्रीशिक्षा के महत्व को स्थापित करने के लिए भगवान आदिनाथ ने अपनी पुत्री ब्राह्मी को लिपि लिखने का एवं सुन्दरी को इकाई, दहाई आदि अंक विद्या सिखाई। इसी प्रकार भगवान ने अपने भरत, बाहुबली आदि सभी पुत्रों को सभी विद्याओं का अध्ययन कराया था। इसी तरह जीवन में कलाओं के महत्व को स्थापित करने के लिए भगवान आदिनाथ ने 72 कलाओं का उपदेश भी दिया है। तो इस तरह हम देखते हैं कि मनुष्य को भोगभूमि से कर्मभूमि में लाकर भगवान आदिनाथ ने पुरुषार्थ का उपदेश दिया और उस व्यवस्था का निर्माण किया जो आज तक चली आ रही है तथा जीविकोपार्जन के मूल सिद्धांतों में शामिल है। **-प्रणीत जैन**

डॉ. अंकुर सिंघल ने 'मिनीमम कट तकनीक' द्वारा रामकृष्ण केयर अस्पताल में किया 45 बीएमआई वाले मरीज का जोड़ प्रत्यारोपण

रायपुर (विश्व परिवार)। अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा 45 बीएमआई वाले मरीज का सफल नी-रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) परफॉर्म किया।

इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज का वजन 100 किग्रा था और BASAL METABOLIC INDEX (बीएमआई) 45 और वह मोटापे की Morbid Obesity कैटेगरी में आता था। ज्यादा वजनी का ऑपरेशन न सिर्फ कठिन होता है इसमें, इंफेक्शन की संभावनाएं अधिक होती है।

डॉ. सिंघन ने यह ऑपरेशन अपनी इनोवेटिव मिनिमम कट तकनीक से किया है। जिसकी वजह से मरीज का न सिर्फ जोड़ ठीक किया गया, उनका पैरों के टेढ़ेपन को भी ठीक किया गया। आज मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है एवं अपनी सामान्य जीवन-यापन कर रहा है तथा उसका घुटना पूरी तरह ठीक हो गया है।

डॉ. सिंघल ने बताया कि अधिक बीएमआई वाले मरीज का नी-रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) एक अपने आप में जटिल क्रिया है लेकिन इस अद्भुत मिनीमम कट तकनीक द्वारा क्षतिग्रस्त जोड़ को भी फिर से ठीक किया जाता है। डॉ. सिंघल ने इस सर्जरी के लिए विदेश जैसे इंग्लैंड एवं अमेरिका में ट्रेनिंग लिया है।

डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीज में उनके द्वारा इज़ात की हुई इस मिनिमम कट तकनीक से 7000 से भी ज्यादा सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी फास्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न सिर्फ केवल कुछ घंटे बाद चल सकता है बल्कि अपनी सामान्य जीवन में तेजी से वापस लौट सकता है।

दपूम रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में रेकॉर्ड 236 मिलियन लदान एवं 29000 से अधिक करोड़ रुपए का सकल अर्जन किया गया

राजस्व अर्जन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रथम स्थान

रायपुर/ बिलासपुर (विश्व परिवार)। हर वर्ष माल लदान और सकल अर्जन के क्षेत्र में अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक माल लदान एवं सकल अर्जन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 236.02 मिलियन टन माल लदान किया गया है,जो कि पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 21.4 मिलियन टन अधिक है। प्रतिशत में यह वृद्धि 10त्न की रही है। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23के दौरान 214मिलियन टन माल लदान का किया गया था। इसी प्रकार 29490 करोड़ रुपये का आरंभिक राजस्व अर्जित किया,जो कि पूरे भारतीय रेलवे में सर्वाधिक है। इसके साथ ही आधारभूत संरचना एवं यात्री सुविधाओं में बेहतर कार्य किए गए।

एस.आर.यू. में विधि विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वाधान से विधि विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में संवैधानिक सर्वोच्चता के महत्व को स्पष्ट करना, संवैधानिक अधिकारों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए तंत्र का पता लगाना और छात्रों के बीच नागरिक और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए जागरूकता और वकालत को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर विधि विभाग की एचओडी डॉ.श्रद्धा पांडे के स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रारंभ हुई। मंचासीन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा और मुख्य वक्ता श्री प्रवीण मिश्रा, माननीय वरिष्ट न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर ने अपने विचार व्यक्त किये।

मुख्य भाषण श्री प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सहायता सेवा, रायपुर द्वारा दिया गया। उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और संविधान की सर्वोच्चता, न्यायपालिका की सर्वोच्चता और अधिकार और कर्तव्यों के कार्यान्वयन के बारे में बात की। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से भी बातचीत की।

माननीय कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने समाज के प्रति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रविशंकर जी महाराज के शिक्षा के माध्यम से सेवा का दृष्टिकोण देना और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी अपने विचार व्यक्त किये।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने महात्मा बुद्ध के उदाहरण के माध्यम से उच्च नैतिक मूल्यों के बारे में बताया और छात्रों को राष्ट्र और समाज के प्रति मौलिक कर्तव्यों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है की श्री प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला कानूनी सहायता सेवा, रायपुर और श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में डीएलएसए के कानूनी सलाहकार/पैरा लीगल स्वयंसेवक ने स्कूल ऑफ लॉ के 100 से अधिक छात्रों को इंटर्नशिप प्राप्त हुई है, जिसके लिए स्कूल ऑफ लॉ, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने डीएलएसए, रायपुर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। सहायक प्रोफेसर श्री अभिषेक कुमार मिश्रा ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह, प्रसादी और शॉल, श्री फल द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर रेवती रमण चन्द्र द्वारा किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री अभिषेक कुमार मिश्रा ने दिया।सी.एल.पटेल प्रिंसिपल स्कूल ऑफ लॉ, संतोषी साहू सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ, अंकिता ठाकुर सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ और शालिनी कुर्मी सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ भी उपस्थित थे।

स्पीडनेशन में मिलेंगी मल्टीनेशनल ब्रांड की एक से बढ़कर एक बाइक

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर में बाइक के शौकिनों को अब शहर में भटकने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि स्पीडनेशन में मल्टीनेशनल ब्रांड की 20 से 25 प्रकार की बाइक यहां पर उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी। यह जानकारी स्वयं बाइक के शौकिन और बाइक राइडर निशांत जोशी ने दी।

निशांत जोशी जिनका ऑटोमोबाइल सेक्टर में 25 वर्षों का अच्छा-खासा अनुभव है और स्वंय एक कुशल राइडर हैं और वर्ष 2019 से वे युवाओं के लिये प्रेरणा बने हुए हैं और उनके नेतृत्व में युवा बाइक राइडर को लेकर लद्दाख नार्थ ईस्ट पर राइडिंग के लिये लेकर गये हैं, साथ ही स्वंय उन्होंने सोलो राइडिंग करते हुए भारत भ्रमण किया। है।

निशांत जोशी ऐसे ही बाइक शौकिनों के लिए छत्तीसगढ़ में पहली बार एक ही छत के नीचे उन्होंने रिंग रोड नंबर - 1 डी मार्ट के पास स्पीडनेशन में मल्टीनेशनल ब्रांड की 20 से 25 प्रकार की अलग-अलग बाइक की रेंज रखी है जिसकी शुरुआत 1.25 लाख रुपये से लेकर 8 लाख रुपये तक की कीमत पर उपलब्ध है। उनका कहना हैं कि आज बाइक केवल ट्रांसपोर्ट का साधन नहीं रह गया है बल्कि एक पैशन भी है और लोग बाइक राइडर हमेशा ऐसी बाइक पसंद करते हैं जिसको ड्राइव करते समय उन्हें किसी भी प्रकार की न तो थकान महसूस होती है और न ही वे अपने आप को ड्राइविंग करने से बोझिल पाते हैं।

जी के होंडा रायपुर में होंडा का पहला स्मार्ट वर्कशॉप का तेलीबांधा में भव्य उद्घाटन

रायपुर (विश्व परिवार)। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अधिकृत विक्रेता जीके होंडा तेलीबांधा में छत्तीसगढ़ के पहले स्मार्ट वर्कशॉप का उद्घाटन किया गया।

रायपुर में सेल्स व् सर्विस क्षेत्र में नंबर 1 डीलर जी के होंडा के डायरेक्टर श्री पुनीत परवानी और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के जोनल मैनेजर श्री अरिजीत भट्टाचार्य व एरिया मैनेजर श्री राहुल राठी के साथ छत्तीसगढ़ में होंडा के सभी एरिया मैनेजर के गरिमामयी उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के पहले स्मार्ट वर्कशॉप का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर, श्री पुनीत परवानी ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नया स्मार्ट वर्कशॉप न केवल हमारी सेवा क्षमताओं को बढ़ाएगा बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्राहकों को एक अत्याधुनिक और आरामदायक सुविधा भी प्रदान करेगा। एचएमएसआई के वरिष्ठ अधिकारी श्री अरिजीत भट्टाचार्य ने स्मार्ट वर्कशॉप की स्थापना की सराहना की और कहा कि यह छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला सुविधा केंद्र है जो ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा।

नई स्मार्ट वर्कशॉप ग्राहकों को कुशल मशीनरी, प्रशिक्षित टेक्नीशियनों और एक आरामदायक प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं प्रदान करेगी। यह होंडा की सुविधा की नवीनतम पीढ़ी है जो काम की गुणवत्ता और आरामदायक अनुभव को जोड़ती है।

रायपुर में सर्विस क्षेत्र में अपनी नंबर एक रैंकिंग के साथ, जी के होंडा का लक्ष्य अपने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। स्मार्ट वर्कशॉप की स्थापना इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354